समस्त नगर वासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष 21 वर्ष, अंक 54 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

E-paper : www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 18 मार्च 2022 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## यूक्रेन पर रूसी हमले का 22वां दिन: स्कूल, स्विमिंग पूल, कम्युनिटी सेंटर और थियेटर ध्वस्त

**कीव:** यूक्रेन पर रूस के हमले के 22वें दिन भी ध्वंस थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब रूसी सेनाओं ने हमला कर एक स्कूल, स्विमिंग पूल, कम्युनिटी सेंटर और थियेटर ध्वस्त कर दिया है। इस हमले में बड़े पैमाने पर महिलाओं और बच्चों के मारे जाने की आशंका व्यक्त की गयी है। यूक्रेन के अलग-अलग शहरों पर रूस की बमबारी लगातार जारी है। मारियुपोल में एक ड्रामा थिएटर और स्वीमिंग पूल नेप्ट्यूटन पर हवाई हमबारी की गयी। यूक्रेन के अधिकारियों के मुताबिक इस परिसर में सैकड़ों आम नागरिक शरण लिये हुए थे। इनमें 80 प्रतिशत बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि हवाई हमले से एक शानदार इमारत और कला का केंद्र नष्ट हो गया है। इस परिसर में लड़ाई में अपने घरों के ध्वस्त होने के बाद से सैकड़ों नागरिक रह रहे थे। बड़ी संख्या में लोग इमारत के मलबे में भी दब गए हैं। अभी यह नहीं पता चला है कि कितने लोग हताहत हुए हैं। बचाव कार्य चल रहा है। इसके अलावा एरेफा में रूसी सैन्य बलों ने एक स्कूल और एक कम्युनिटी सेंटर को भी तबाह कर दिया है। खारकीव के इस स्कूल और कम्युनिटी सेंटर में भी बड़ी संख्या में लोगों द्वारा शरण लेने की जानकारी मिली है। इस बीच रूसी सेना ने यूक्रेन के मेलितोपोल के मेयर को रिहा कर दिया है। पिछले कई दिनों से रूसी सेना मेयर को बंधक बनाए हुए थी। मेयर की रिहाई के बदले रूसी सेना ने अपने नौ सैनिकों को यूक्रेन के कब्जे से मुक्त करा लिया है।

## मूडीज ने भारत के विकास दर का अनुमान घटाकर 9.1 फीसदी किया

**नई दिल्ली:** यूक्रेन-रूस संकट का असर देश की अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर अनुमान को घटाकर 9.1 फीसदी कर दिया है, जो पहले 9.5 फीसदी था। मूडीज ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में रूस-यूक्रेन के बीच पिछले 21 दिनों से जारी युद्ध को इसकी अहम वजह बताया है रेटिंग एजेंसी ने जारी अपने वैश्विक व्यापक परिदृश्य 2022-23 में कहा कि भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर वित्त वर्ष 2021-22 में 9.1 फीसदी रहेगी।

# सेना के बजट में 63 हजार करोड़ की कटौती

### संसद की स्टैंडिंग कमेटी की चेतावनी- बॉर्डर इलाके में तनाव के बीच सैन्य बजट में कटौती खतरनाक

**नई दिल्ली:** संसद की स्टैंडिंग कमेटी ऑन डिफेंस ने लोकसभा में रिपोर्ट पेश करते हुए कहा है कि बॉर्डर पर तनाव के बीच सेना के बजट में कटौती करना खतरनाक हो सकता है। कमेटी ने कहा कि साल 2022-23 के लिए कैपिटल हैड के तहत सेना के लिए 2.15 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया, लेकिन आवंटन सिर्फ 1. 52 लाख करोड़ रुपए का हुआ। सेना की ताकत के लिहाज से कैपिटल हैड सबसे अहम पार्ट होता है। इससे हथियार, गोला-बारूद, फाइटर प्लेन आदि खरीदी जाती हैं। इस कमेटी के अध्यक्ष भाजपा के सांसद जुएल उरांव हैं। वहीं राहुल गांधी, शरद पवार सहित 30 सांसद इसके सदस्य हैं। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में पड़ोसी पाकिस्तान और चीन की ओर से बढ़ रहे खतरे का जिक्र किया है। कमेटी ने सिफारिश की है कि मिलिट्री आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में पड़ोसी पाकिस्तान और चीन की ओर से बढ़ रहे खतरे का जिक्र किया है। कमेटी ने सिफारिश की है कि मिलिट्री आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**हथियार खरीदने के लिए 2021-22 से भी कम पैसा मिला:** कमेटी ने कहा कि थल सेना ने 46,844 करोड़ रुपए की मांग की थी, लेकिन उसे केवल 32,115 करोड़ रुपए मिले हैं। इसी तरह वायुसेना को 85,323 करोड़ रुपए के बजाय 56,852 करोड़ रुपए और नौसेना को 67,623 करोड़ रुपए के बजाय 47,591 करोड़ रुपए मिले हैं। साल 2021-22 में एयरफोर्स को 53 हजार करोड़ रुपए, आर्मी को 36 हजार करोड़ और नेवी को 33 हजार करोड़ रुपए मिले थे।



**डिफेंस रिसर्च पर 1% से भी कम खर्च करता है भारत:** कमेटी ने रिपोर्ट में डिफेंस रिसर्च पर भारत सरकार की ओर से रक्षा बजट का 1% से भी कम खर्च करने का मुद्दा उठाया है। चीन डिफेंस रिसर्च पर कुल रक्षा बजट का 20% और अमेरिका 12% खर्च करता है।

**सैन्य आधुनिकीकरण के लिए जल्द बनाया जाए कोष:** कमेटी ने आगे कहा कि हमने कैबिनेट नोट के उस प्रस्ताव पर विचार कर लिया है, जिसमें मिलिट्री आधुनिकीकरण के लिए अलग से कोश बनाने की बात कही है। कमेटी ने कहा कि हमारी मांग है कि सरकार जल्द से जल्द इसकी मंजूरी दें, जिससे आधुनिकीकरण के लिए और अधिक बजट सेना को मिल सके।



**चीन से सीमा पर 2020 से तनाव जारी है:** जून 2020 में गलवान घाटी में सैन्य झड़प के बाद से ही चीन से भारत का तनाव जारी है। दोनों देश के बीत शांति स्थापित करने को लेकर 15 राउंड की बातचीत हो चुकी है, लेकिन पूर्ण रूप से शांति स्थापित करने पर बात नहीं बनी है।

## नई विश्व व्यवस्था में भारत को बड़ी भूमिका निभानी होगी: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि महामारी के बाद एक नई विश्व व्यवस्था उभर रही है। नई विश्व व्यवस्था में भारत को अपनी भूमिका बढ़ाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में 96वें सामान्य बुनियादी पाठ्यक्रम के समापन समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने नए खेल परिसर का उद्घाटन किया और पुर्ननिर्मित हैप्पी वैली परिसर को भी राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने आईएएस प्रशिक्षुओं से कहा कि वे अपनी सेवा की भावना को कभी न छोड़ें। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में आप एक जिले या कई सरकारी विभागों का प्रबंधन करेंगे, इसलिए आत्मानिर्भर भारत और आधुनिक भारत का लक्ष्य हमेशा आपके दिमाग में होना चाहिए।

96वां बुनियादी पाठ्यक्रम एलबीएसएनएए का पहला सामान्य बुनियादी पाठ्यक्रम है, जिसमें नई शिक्षा और पाठ्यक्रम प्रारूप मिशन कर्मयोगी के सिद्धांतों पर आधारित है। बैच में 16 सेवाओं के 488 अधिकारी प्रशिक्षु और 3 रॉयल भूटान सर्विसेज (प्रशासनिक, पुलिस और वन) शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने देश की आजादी के अमृतकाल के मद्देनजर सिविल सेवकों के बैच को विशेष बताते हुये कहा कि हम में से बहुत से लोग आजादी के 100वें वर्ष में नहीं रहेंगे लेकिन यह बैच उस समय रहेगा।

## अंडमान-निकोबार में चक्रवात की आशंका को लेकर गृह सचिव ने की समीक्षा बैठक



नई दिल्ली: केंद्रीय गृह सचिव ने आज बंगाल की खाड़ी में आने वाले चक्रवात के मद्देनजर केंद्रीय मंत्रालयों व एजेंसियों और अंडमान-निकोबार केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा की। केंद्रीय गृह सचिव ने केंद्रीय मंत्रालयों और एजेंसियों को नियमित निगरानी रखने और अंडमान-निकोबार प्रशासन के संपर्क में रहने का निर्देश दिया। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी की खाड़ी में कम दबाव के क्षेत्र के चलते 21 मार्च तक चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। इस दौरान 90 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवा चलेगी।

## अवकाश की सूचना

होली के शुभ अवसर पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, पत्रवितरकों सहित शुभचिन्तकों को

**हार्दिक शुभकामनाएं**

इस अवसर पर अखंड भारत संदेश कार्यालय व प्रेस में दिनांक 18 मार्च 2022 को अवकाश रहेगा अतः पत्र का अगला अंक 19 मार्च को मिलेगा।

संपादक




# धू - धू कर जली होलिका, मंगल कामनाओं के साथ आज मनाया जायेगा होली का पर्व

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** होलिका की अग्नि में लावा या नारियल फेंककर अपने और परिवार के लिए सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की तो वहीं कुछ लोग होलिका की अग्नि में जौ फेंककर सभी नकारात्मक चीजों से छुटकारा पाने के लिए भी ऊपरवाले से गुहार लगाई। दरअसल होली केवल प्रेम, उल्लास का त्योहार नहीं है बल्कि ये बुराई पर अच?छाई की जीत का पर्व भी है। आचार्य राकेश पांडे बताते हैं कि इस बार को होलिका दहन बहुत ज्यादा खास है क्योंकि आज के दिन चार खास योग जैसे मृत योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, वृद्धि योग, ध्रुव योग और गुर्वादित?य योग बन रहे हैं।उन्होंने बताया कि होलिका की राख माथे पर लगाने से इंसान को आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलती है तो वहीं उसकी तरक्की होती है और वो बहुत सारे निगेटिव



शाम को होलिका दहन मगलकामनाओं को लेकर ग्रामीण हुए इकट्ठे

चीजों से दूर रहता है।कुछ लोग उपवास भी रखते हैं।यही नहीं होलिका की भस्म को घर में छिड़कने से भी इंसान के घर में सुख, शांति और समृद्दि का माहौल रहता है। आचार्य विशाला पाण्डेय बताते हैं किहोलिका की अग्नि जलते हुए शरीर की मानक है।इसी कारण नवविवाहिता को होलिका की अग्नि को देखने से रोका जाता है, क्योंकि होलिका की अग्नि जलते हुए शरीर की मानक है इसलिए नई नवेली दुल्हन को इस अग्नि से दूर रखने का प्रयास किया जाता इसे अशुभ मानते हैं और कहा जाता है कि अग्नि देखने से लोगों के वौवाहिक जीवन में दिक्कतें शुरू हो सकती हैं।होलिका दहन के बारे में धार्मिक मान्यता है कि हिरण्यकश्यप का बेटा प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त था लेकिन ये बात उसके पिता को अच्छी नहीं लगती थी इसलिए उसने प्रहलाद को बहुत सारे कष्ट दिए थे और कहा कि तुम मेरी पूजा करो लेकिन जब वो नहीं माना तो उसने उसे अपनी बहन होलिका की गोद में बैठाकर जिंदा जलाने की कोशिश की थी क्योंकि होलिका को ना जलने का वरदान मिला हुआ था, लेकिन अग्नि में जाते ही वो जलकर भस्म हो गई और प्रहलाद जिंदा वापस निकल आया था। उस दिन फाल्गुन मास की पूर्णिमा थी, तभी से होलिका दहन किया जाता है। होलिका के साथ ऐसा उसके गलत इरादों की वजह से हुआ था। इसी कारण इस पर्व को बुराई पर अच?छाई की जीत के रूप में मनाते हैं। आपको बता दें कि भगवान विष्णु ने बाद में नरसिंह का रूप धरकर हिरण्यकश्यप का वध किया था।


## होली : रंग-बिरंगी पिचकारी और अबीर-गुलाल से सजीं दुकानें

### बाजारों में दिखी चहल-पहल, गुब्बारा, पिचकारी की भारी डिमांड



**शंकरगढ़।** रंगों का पर्व होली आज मनाई जाएगी।वहीं होलिका दहन आधी रात के बाद शुभ मुहूर्त में किया गया। उल्लास, भाईचारा और आपसी सौहार्द के पर्व होली को लेकर बाजारों में दिनभर चहल-पहल बनी रही। रंग, अबीर-गुलाल, रंग-बिरंगी पिचकारी, मुखौटे समेत अन्य वस्तुओं की खरीदारी को बड़ों संग बच्चे भी दुकानों पर नजर आए। दुकानदारों का कहना है कि कोरोना महामारी के बाद पहली बार होली पर इस तरह का उत्साह देखने को मिल रहा है। थोड़ी महंगाई जरूर है,पर लोग अपनी जरूरत की वस्तुओं की खरीदारी में कोई कोताही नहीं कर रहे हैं। मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित शंकरगढ़ बाजार में भी लोगों का अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। सीमा पर स्थित होने के कारण इस बाजार में यूपी के साथ-साथ एमपी के समीपवर्ती गांवों के लोग बड़ी संख्या में खरीदारी के लिए आते हैं। होली के इस मौके पर बाजार में लौटी रौनक से व्यापारी भी दिनभर व्यस्त नजर आए और खूब दुकानदारी की। किराना की दुकानों पर लोगों ने चिप्स, पापड़, कचरी, नमकीन इत्यादि की खरीदारी की। सदर बाजार और रामभवन चौराहे के दुकानदारों ने बताया कि इस बार होली पर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। सुबह से ही बच्चे पिचकारी, रंग और अबीर-गुलाल खरीदने आ चुके हैं। पिचकारी गुब्बारा बच्चों के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। इसके अलावा किराना की दुकानों पर भी खरीदारों की भारी भीड़ दिखी। मिठाई की दुकान पर खोया (मावा) खरीदने वालों की अच्छी-खासी संख्या रही। बताया जाता है कि जो खोया पिछले हफ्ते 160 रुपये से 180 रुपये प्रति किलो तक था, वही खोया आज 250 से 300 रुपये प्रति किलो बिका। शंकरगढ़ कस्बे में सुरक्षा के मद्देनजर एसओ बृजेश सिंह अपनी टीम के साथ भ्रमण करते रहे।होली के मौके पर यही स्थिति ग्रामीणांचल की सभी बाजारों में देखने को मिली। यमुनापार के कोरांव, खीरी, लेडि?ारी, मेजा, मांडा, करछना, जारी, जसरा, कौंधियारा में होली के मौके पर लगने वाली अस्थाई दुकानें नजर आईं।

# आर्थिक तंगी से परेशान वृद्ध ने लगाई फांसी



फांसी पर लटका मृतक विजय कुमार

**सोरांव।** क्षेत्र के सराय वृसिंह उर्फ सराय बाहर गांव के विजय कुमार पटेल पुत्र राम दीन पटेल ने आर्थिक तंगी के चलते बुधवार देर शाम घर में लगे चुल्ले से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लिखा पढ़ी करके शव को नीचे उतारे और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के अनुसार सोरांव थाना क्षेत्र के राजस्व ग्राम सराय बृसिंह उर्फ बाहर के मजरा हाजीगंज में कई सालों से आर्थिक स्थिति से जूझ रहे विजय कुमार पटेल पुत्र राम दीन पटेल उम्र 60 साल ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान पति व समाजसेवी राम गणेश मौर्य ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस आकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार को शव मिलने के बाद परिजनों ने फाफामऊ घाट पर अंतिम संस्कार किए। तथा वही ग्राम प्रधान पति राम गणेश मौर्य व ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार तथा ग्राम प्रधान मनोरमा देवी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत निधि से तत्काल आर्थिक सहायता के रूप में ?5000 की सहायता राशि परिजनों को दिया। इसकी चर्चा क्षेत्र में बनी हुई है। मृतक अपने पीछे 2 लड़के एक लड़की संग पत्नी का परिवार छोड़ कर दिया हैं। विजय कुमार मौर्य शिवगढ़ चौराहे पर कटहल की दुकान लगाकर जीवन यापन करता था। लेकिन कर्ज के बोझ में दबे विजय कुमार ने बुधवार शाम को फांसी के फंदे पर भूल गए। जिससे पत्नी सहित पूरा परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## रंगोत्सव पर श्रीरामचरित मानस का हुआ आयोजन

**सहसों।** आपसी भाईचारा प्रेम सौहार्द के इस पावन त्यौहार होलिका दहन की पूर्व संध्या पर रंगोत्सव पर्व पर सहसों, सिंगरामऊ, बसमहुआ गांव में आचार्य ओम प्रकाश शास्त्री एवं आचार्य दिनेश शास्त्री ने अखंड श्रीरामचरितमानस एवं सत्यनारायण व्रत कथा का पूजन एवं पाठ कराने के पश्चात भक्तों से कहा कि रंगोत्सव पर सभी सनातनी हिंदू ईश्वर की आराधना पूजा श्रद्धा एवं विश्वास के साथ करते हुए बुराई तथा अहंकार का दहन कर प्रेम सौहार्द के प्रतीक होली के त्यौहार पर समभाव स्थापित करते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने कहा होलिका दहन में बुराई के रूप में होलिका का दहन हो गया तथा प्रभु के शरण में गए प्रहलाद की रक्षा हुई। जो भगवान के लिए समर्पित है भगवान उसकी रक्षा अवश्य करते हैं।

इसी तरह सिंगरामऊ गांव में ग्रामीणों द्वारा गुरुवार की भोर में ढोल की थाप पर फगुआ गीत पर थिरकते हुए अखंड श्रीरामचरितमानस का पाठ प्रारंभ हुआ जिसका शुक्रवार की भोर में पारायण के बाद सभी ग्रामवासी एकत्रित होकर होलिका के पास पहुंचकर भभूत लगाकर होलिका का आशीर्वाद लेकर गांव में घर-घर मिलने के लिए निकल जाते हैं। और लाल गुलाल अबीर से होली खेलकर मौज मस्ती का आनंद लेते हुए गले मिलकर एक दूसरे को बधाई देते हैं।

# शिक्षामित्रों का मानदेय न मिलने से फीकी रहेगी होली : वसीम

अखंड भारत संदेश



**लालापुर।** तहसील मुख्यालय बारा खास में शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक को सम्बोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष वसीम अहमद ने कहा होली का त्योहार हम लोग बड़ी धूम धाम से रंगों के त्योहार के रूप में भी मनाते है।इस पर्व पर होलिका दहन करते है।अन्याय और अहंकार की होलिका जलनी चाहिए।प्रेम और सौहार्द का रंग बिखरना चाहिए।

उत्तर प्रदेश का जनादेश आने के बाद से चहुओर होली मनाई जा रही है।वही बेसिक शिक्षा की बुनियादी ढांचा मजबूत करने वाले शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के साथ साथ बच्चों के लिए खाना पकाने वाली रसोइयों का मानदेय न मिलने से त्योहार का रंग फीका पड़ गया है।उच्च अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया था कि त्योहार पर मानदेय जरूर मिलेगा लेकिन आज तक खाते में मानदेय न आने से होली का रंग फीका हो गया है। घर परिवार की जरूरतें एवं बच्चों की फरमाइश पर पानी फिरता नजर आ रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष सुमन्त भार्गव ने कहा कि सरकार एक तरफ होली का पर्व अच्छे ढंग से मनाने के लिए फ्री सिलेंडर और निर्बाध बिजली सप्लाई दे रही है।वहीं पौने दो लाख शिक्षामित्र,लाखों रसोइयां,हजारों अनुदेशक का मानदेय न भेजकर होली की सारी खुशियों पर पानी फेर दिया। ब्लॉक प्रभारी जसरा एवं जिला सँगठन मंत्री दशरथ भारती ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी ने समाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की भलाई के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं का क्रियान्वन किया है।जिससे समाज मे दबे कुचले लोगों को सीधा लाभ पहुंचे ,लेकिन अधिकारियों की शिथिलता के कारण गांव के गरीब बच्चों का भविष्य सवारने वाले शिक्षामित्र, अनुदेशक व रसोईयां का मानदेय त्योहार पर भी न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।

मुख्यमंत्री जी से संघ शिकायत करेगा। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षामित्र साथियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की बधाई दी। इस मौके पर अरुण पटेल,अशोक त्रिपाठी, वंदना श्रीवास्तव, आरती त्रिपाठी, रीता शुक्ला, काशीराम, विजय रावत, कमल सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा, अर्चना कुशवाहा आदि दर्जनों पदाधिकारी मौजूद थे।

# आपके मेहनत और परिश्रम से हमे मिली जीत सम्मान के पात्र हैं कार्यकर्ता : वाचस्पति

## होली मिलन समारोह में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, भाजपा कार्यकर्ता रहे उपस्थित



होली मिलन समारोह में शामिल विधायक वाचस्पति

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार के द्वारा आयोजित विधानसभा बारा की होली मिलन समारोह का आयोजन एमवी कान्वेंट स्कूल गौहनिया में गुरुवार सायं आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक बारा डा०बाचस्पति रहें। विधायक बारा डा०वाचस्पति ने होली मिलन समारोह में शामिल ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, भाजपा,अपना दल, निषाद पार्टी के जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों को अबीर गुलाल लगाकर पुष्प गुच्छ भेंट करके सम्मानित कर होली की शुभकामनाएं दी.और कहा यह सम्मान आपके मेहनत और परिश्रम का सम्मान है। हमारी जीत वास्तव में आपके परिश्रम की जीत है। आप सभी के सेवा के लिए मै सदैव समर्पित रहूंगा। होली के त्योहार पर सभी बारा विधानसभा के जनता को शुभकामनाएं देते हुए गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम और सौहार्द से होली मनाने की अपील किया। इस अवसर पर कलाकारों ने स्वागत एवं होली गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वागत अभिनंदन की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जसरा जगत शुक्ला ने किया। जिला महामंत्री विजय शुक्ला,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी,मंडल अध्यक्ष शिव प्रसाद केसरवानी,बंदना सिंह, अंजनी लाल,जगत शुक्ला आदि को पुष्प गुच्छ भेंट करके सम्मानित किया। जिसमें प्रमुख रूप से सुभाष केशरी, उमेश शुक्ला,रत्नाकर सिंह, प्रदीप मिश्र,पंकज पांडेय,संदीप सिंह, राकेश विश्वकर्मा, गोविंद पांडेय,राम कैलाश पांडेय,हरिशरण सिंह,इन्द्रजीत कुशवाहा, दिनेश प्रजापति, बसंत लाल गुप्ता आदि के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा का होली मिलन समारोह ढोलक की थाप पर थिरकते रहे लोग

### आपसी सौहार्द और भाईचारे के रंग गुलाल से सराबोर हुए इलाकाई



होली मिलन समारोह में लोगों से मिलते विधायक कोरांव

**कोरांव।** भाजपा विधायक राजमणि कोल द्वारा गुरुवार को पार्टी जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन परमसुख आदिवासी इण्टर कालेज धौखर कोरांव में किया गया। होली मिलन समारोह में एक ओर जहां लोग आपसी सौहार्द और भाईचारे के रंग गुलाल से सराबोर देखे गए वहीं दूसरी ओर परंपरागत भाग गीतों के ढोलक की थाप पर इलाकाई युवा व वृद्ध थिरकते नजर आए। समारोह में न केवल भाजपाइयों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया बल्कि इलाकाई दूर दराज के गांवों से भी पहुंचे लोगों ने विधायक राजमणि कोल को रंग गुलाल लगाने के बाद गले मिल खुशियों का इजहार किया। इस दौरान भाजपा विधायक कोरांव राजमणि कोल ने लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं अपनी देवतुल्य जनता का ऋणी हूं जिन्होंने अपना अपार जनसमर्थन देकर मुझे पुनः प्रतिनिधित्व का मौका दिया है। विधायक ने कहा कि जिस तरह से आज लोग होली मिलन की खुशियां मना रहे हैं उसी तरह से मेरा पूरा प्रयास होगा कि मेरे क्षेत्र की जनता का दामन हमेशा होली दीपावली की खुशियों से भरा रहे। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की प्रत्येक जन कल्याणकारी योजनाएं विकास के सोपान में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगी जिसके लिए आपके सेवक के साथ भारतीय जनता पार्टी कृत संकल्प है। फिलहाल भाजपा विधायक के होली मिलन समारोह में लोगों ने फाग गीत गाते हुए विधायक सहित मौजूद लोगों को रंग गुलाल लगाकर जमकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चेयरमैन कोरांव नरसिंह केसरी उर्फ गोपाल आनंद केसरी उर्फ मुन्ना सर्राफ बबुआन द्विवेदी राजेश्वरी तिवारी,तहसीलदार कोरांव, रामाश्रय शुक्ल अमित मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**जसरा।** यमुनापार को औद्योगिक नगरी के रूप में बसाने का सपना हेमवती नंदन बहुगुणा का था। जिससे पूरे प्रदेश में इलाहाबाद के यमुनापार को एक नई पहचान मिल सके। उक्त बातें हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति के जिला अध्यक्ष संत प्रसाद पांडेय ने जसरा बाजार में बहुगुणा जी के 33 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कही । श्री पांडेय ने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा के मुख्यमंत्री काल में प्रयागराज पूरे भारत में एक औद्योगिक नगरी के रूप में अपनी पहचान कायम कर रहा था किंतु बहुगुणा जी के बाद लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे या कारखाने धीरे धीरे बंद होते चले गए । जिससे जमुनापार ही नहीं पूरे प्रयागराज को काफी नुकसान हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए अनिल मिश्र ने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा के कार्यकाल में बारा में जो विकास हुआ आज भी वह बहुगुणा जी की याद दिलाता है । बहुगुणा जी ने अपने मुख्यमंत्री काल में बारा के विकास को जो ऊंचाई दिया उसने बारा को एक नई पहचान मिली। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता मातादीन मिश्र तथा संचालन आनंद जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल मिश्रा, सचिन श्रीवास्तव, अरुण त्रिपाठी , लल्लू साहू , नितिन केसरवानी , मनोज कुमार, रुपेश केसरी , मोहम्मद जफर, संतोष जायसवाल आदि रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर सईद को उसके मित्रों ने मिलकर की थी हत्या और दुर्घटना का रुप देने की कोशिश नाकाम

### 12 मार्च की रात मोहल्ला कोट में हैंडपंप पर बेहोशी की हालत में मिला था सईद 15 मार्च को मौत हो गई, दोनों आरोपी भेजे गए जेल

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला कोट में एक सईद नामक युवक 12 मार्च को मध्य रात्रि के बाद हैंडपंप पर घायल हालत में मिला था। उपचार के दौरान 15 मार्च को उसकी मौत हो गई थी । पहले इस घटना को दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई थी। बाद में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जब पुलिस ने उसके दोनों मित्रों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने शराब पीकर सईद को मारने पीटने और जान बूझ कर बाइक हैंडपंप पर लडा कर मरा हुआ समझ कर भाग जाने की बात स्वीकार कर ली। जबकि मृतक की पत्नी खातूना बानों ने पुलिस को बताया था कि सईद सो रहा था जिसे मुतीबुर्रब जगा कर ले गया था। पुलिस ने दोनों को हत्या के जुर्म में गुरुवार को जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी मोहम्मद सईद 35 वर्ष पुत्र स्वर्गीय बचई तथा उसके दोस्त मुतीबुर्रब अंसारी पुत्र मुहिबुर्रब अंसारी निवासी मोहल्ला मुस्तफाबाद और मोहल्ला हजियाना निवासी अब्दुल रहमान पुत्र मोहम्मद इलियास 12 मार्च की रात जमकर नशा किए ।और आपस में मध्य रात को झगड़ा किए ।बताया गया है कि देर रात में रहमान और मुतीबुर्रब अंसारी ने मिलकर सईद को बुरी तरह मारे पीटे तथा मोहल्ला कोट में लगे हैंडपंप पर जान बूझकर बाईक लडा दिए । और सईद को खून से लतापथ बेहोशी की हालत में मरा हुआ समझ कर छोड कर भाग गए। पुलिस नाजुक हालत में सईद को अस्पताल में भर्ती कराया था जहां सईद की 15 मार्च को मौत हो गई थी। और दोनों फरार हो गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कस्बा चौकी प्रभारी जगनारायण ,उप निरीक्षक तारा चंद्र, कांस्टेबल पंकज कुमार आदि ने दबिश डाल कर मृतक सईद के दोनों मित्रों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछ ताछ किए तो मुतीबुर्रब अंसारी और अब्दुल रहमान ने बताया कि वह दोनों ने सईद को पहले जमकर नशा कराए फिर मुतीबुर्रब अंसारी के पिता मुहिबुर्रब अंसारी से जमीनी विवाद का बदला मृतक सईद से लेने के लिए पहले जमकर मारा पीटा गया फिर बाइक हैंडपंप में लडा कर जमकर चोटहिल कर उसे मरा हुआ समझ कर दोनों भाग गए थे। ताकि लोग इसे दुर्घटना समझें । बहरहाल मऊआइमा पुलिस ने इस घटना का पदार्फाश कर दिया। गुरुवार को मुतीबुर्रब अंसारी और अब्दुल रहमान को पुलिस हत्या के आरोप में जेल भेज दिया है।

# आजीविका सहायता के लिए आगे आएं संगठन

अखंड भारत संदेश

### 66 बेरोजगारों को शुरू कराया गया रोजगार,मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान और प्रगति ग्रामोद्योग एवं समाज कल्याण संस्थान ने दिया रोजगार के लिए सहयोग



**कोरांव।** कोरोना वायरस के चलते हुए लाक डाउन की स्थिति में अपने रोजी रोजगार गंवा चुके वंचित समुदाय के छाछठ जरुरतमंद परिवारों को रोजगार शुरू करने के लिए स्वयं सेवी संगठन प्रगति ग्रामोद्योग एवं समाज कल्याण संस्थान ने मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के सहयोग से रोजगार स्थापित करवाया है । प्रयागराज के शंकरगढ़, जसरा, मेजा, माण्डा कोरांव, बहादुरपुर, सैदाबाद और प्रतापपुर के मुसहर, आदिवासी, सपेरा आदि वंचित समुदायों के जरुरतमंद परिवारों को किराने की दुकान, अंडा की दुकान, बिसात खाना, सहज जनसेवा केन्द्र, बांस उद्योग, बकरी पालन, नाई की दुकान, चाट पकौड़े की दुकान, सब्जी की फेरी, ब्यूटी पार्लर आदि की दुकानों के लिए संसाधन और तकनीक सहयोग प्रदान कर रोजगार शुरू कराया। बुधवार को किराने की दुकानों के लिए कोरांव में उन्नीस परिवारों को सामान उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रगति ग्रामोद्योग एवं समाज कल्याण संस्थान के जिला समन्वयक संजय जायसवाल ने बताया कि लाकडाउन की स्थिति के बाद अपनी आजीविका गंवा चुके वंचित समुदाय के जरुरतमंदों को यह सहयोग इसलिए प्रदान किए गए जिससे ये परिवार और इनके बच्चे बन्धुआपन की स्थिति में न फंसे , बच्चों की पढ़ाई और अच्छी परवरिश हो सके। जिला समन्वयक सूबेदार सिंह ने बताया इसके पूर्व भी संस्था द्वारा जरुरतमंद परिवारों को राहत किट और नकद आर्थिक सहयोग प्रदान कर चुकी है। शहजादअख्तर ने संस्था द्वारा बालश्रम को रोकने और वंचित समुदायों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए चलाए जा रहे अन्य संस्थागत कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर एडवोकेट रविशंकर, रोशनलाल, सुधीर केहरी , संतोष कुमार, रामअवध, विजय शंकर, सुदामा प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा- होली पर्व

### होली की पूर्व संध्या पर भाजपाइयों ने बच्चों संग मनाई होली



**नैनी।** प्रेम, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के त्योहार होली के पूर्व संध्या पर भाजपा नेता पं. रामजी मिश्र द्वारा वार्ड 33 काजीपुर क्षेत्र के नई बाजार मोहल्ले में बच्चों के बीच जाकर उन्हें अबीर गुलाल लगा पिचकारियां एवं अन्य रंग गुलाल भेंट कर मोहल्ले वासियों के साथ हर्षोल्लाश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रामजी मिश्र ने समस्त क्षेत्र वासियों को होली की शुभकामनाओं के साथ ही साथ एकता और सौहार्द का संदेश दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजयुमों अध्यक्ष रजत दुबे, सेक्टर संयोजक श्याम मिश्र, सुमन जी, निब्बू लाल ,रितेश शुक्ल (बाबा),विनय सिंह, विमल गुप्ता, गुड्डू मिश्र, संतोष सिंह ,अधिवक्ता संतुस्टम शुक्ल, प्रमोद शर्मा, रजत भारतीय, अजय सिंह ,गंगोत्री भारतीय जी संग सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे ।

### नौनिहालो में प्रधान ने वितरित किया पिचकारी और रंग



**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत चनैनी गांव के नौनिहाल बच्चों के बीच होली के त्योहार पर प्रधान संघ करछना के महा मंत्री धीतेश तिवारी प्रधान चनैनी ने बच्चों संघ होली खेली और उन्हे होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए रंग गुलाल और पिचकारी देकर खुशियों का इजहार करते हुए ग्रामीणो को बधाई देते हुए होली के त्योहार पर शान्त और सौहार्द पूर्वक मनाये जाने की अपील की।

### विद्यालय में ननिहाल बच्चों ने जम कर उडाया गुलाल



**करछना।** इन्दिरा गांधी बिद्यालय जगौती करछना में बच्चों ने जमकर उड़ाया अबीर गुलाल बिद्यालय के पब्रन्धक डा दिनेश कुमार सोनी ने बच्चों को होली की शुभकामना दिया इस अवसर पर होली की शुभकामना देने वालों में राम मणि दिवेदी आशा सोनी उप पब्रन्धक आनन्द पटवा विवेक मिश्रा रंजना विश्व कर्मा शीखापाण्डेय पवनेश कुमार सोनी आदि लोगो ने होलिका उत्सव के विषय में विस्तार से बताया।

### छात्रों को होली पूर्व तिलक लगाकर हुई विदाई



**करछना।** यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्राओं को प्रधानाचार्य एवं प्रबन्धक ने छात्राओं को तिलक लगा कर विदाई कर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ विदा किया गया, बुधवार को करछना क्षेत्र के डीहा में स्थित प्रकाश बालिका इंटर कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 12 वीं के छात्राओं को प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार यादव, मनीष कुमार यादव, शिवेंद तिवारी, एवं प्रबन्धक डॉ विजय बाबू यादव (जिला पंचायत सदस्य) बडे बाबू संजय यादव आदि बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र एवं छात्राएँ उपस्थित रहे ।

### प्रयाग इंस्टीट्यूट कालेज बेंदो में मनाया गया होली उत्सव



करछना। प्रयाग इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की ओर से होली उत्सव का आयोजन किया गया। सभी ने एक दूसरे को रंग लगाते हुए बधाई प्रेषित किया और उत्सव का आनंद उठाया। इस मौके पर प्रयाग इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉक्टर एस सी तिवारी, रजिस्ट्रार आशीष तिवारी, महिपाल सिंह, एच एल पटेल, आस्मां नंद ,वीरेंद्र सिंह, प्रेम चन्द ,अंकित सिंह , अरविंद पांडे एवं समस्त पीआईटीएम परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचाल सूर्या श्रीवास्तव ने किया।

### होलिका दहन का निरीक्षण करते ग्राम प्रधान संघ राजस्व टीम



**सोरांव।** सोरांव तहसील अंतर्गत ग्राम सभा सराय बृसिंह उर्फ सराय बाहर, अस्वा उर्फ हाजीगंज तथा नगर निगम में सम्मिलित ग्राम सभा प्रसादपुर व डीहा में होलिका दहन की शाम सोरांव तहसील के तेजतर्राक व ईमानदार लेखपाल ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह प्रधान पति बाहर सराय राम गणेश मौर्य तथा ग्राम प्रधान असवा उर्फ हाजीगंज प्रेम सत्यार्थी ने अपने अपने ग्राम सभाओं में होलिका दहन के शाम को भ्रमण कर सभी ग्राम वासियों का हालचाल जाना व भाईचारा एवं सौहार्द का त्यौहार पर शांतिपूर्वक होली का त्यौहार मनाने की अपील की। इस मौके पर कोटेदार सत्य प्रकाश, गो पालक रामनरेश, समाजसेवी शमशेर पटेल,ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी मिथिलेश मिश्रा संग दर्जनों लोग रहे।

**खबर संक्षेप**

## लालापुर पीएचसी जाने पर मार्ग की जर्जर पुलिया टूटी

**लालापुर।** लालापुर गांव स्थित पीएचसी और एक इंटर कॉलेज को जाने वाले मार्ग पर स्थित जर्जर नाले की पुलिया गुरुवार के दिन एक ट्रैक्टर ट्रॉली के निकलते समय टूट गई। गनीमत तो यह रही कि चालक कूदकर भाग निकला अन्यथा उसकी जान भी जा सकती थी। लालापुर गांव के दक्षिणी भाग में स्थित पीएचसी और श्री हरिशंकर पांडेय इन्टर मीडिएट कॉलेज के रास्ते पर एक नाले पर पुलिया विगत 30 वर्ष पूर्व बनी थी । पुलिया इधर तीन वर्ष पूर्व से जर्जर हो चुकी थी ।जिसकी शिकायत ग्रामीणों कई बार सम्बंधित विभाग के अधिकारियों समेत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से भी की थी । लेकिन किसी ने पुलिया के मरम्मत के लिए ध्यान नहीं दिया। गुरुवार के दिन एक ट्रैक्टर ट्रॉली समेत पुलिया से गुजर रहा था । इसी बीच पुलिया टूट गई और ट्रैक्टर ट्रॉली समेत पलट गया । घटना के समय ट्रैक्टर चालक कूद कर अपनी जान बचाई ।

# कंप्यूटर आपरेटर की हत्या में एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**24 घंटे बाद पोस्टमार्टम को भेजा गया शव**



**प्रयागराज।** बेरहमी से मौत के घाट उतारे गए कंप्यूटर ऑपरेटर मंगला प्रसाद पांडेय(40) का शव 24 घंटे बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। पुलिस घटना के बाद से मान-मनौव्वल में लगी रही और बृहस्पतिवार दोपहर बाद परिजन राजी हुए। परिजनों ने मुकदमे की रंजिश में हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए सात नामजद समेत आठ पर केस दर्ज कराया है। इनमें मृतका के पिता के हत्यारोपी लवकुश उर्फ राजा पांडेय का भी नाम शामिल है जो जेल में बंद है। पुलिस अफसरों का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है। बुधवार दोपहर में तीन बजे के करीब घटना के बाद परिजनों ने शव उठाने का विरोध कर दिया था। पुलिस अफसरों ने समझाया लेकिन उनका कहना था कि बाहर रहने वाले परिजनों के आने के बाद ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। दोपहर तक सभी परिजन आ गए। परिवारवाले मृतक के पुत्र के बालिग होने पर नौकरी, मुआवजे, शस्त्र लाइसेंस और परिवार को पुलिस सुरक्षा देने की मांग उठाई। अफसरों ने इस संबंध में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया, तब जाकर परिजन माने। इसके बाद दोपहर ढाई बजे के करीब शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

**एक आरोपी हिरासत में :** मामले में मृतक के भाई विजय पांडेय की तहरीर पर सात को नामजद करते हुए कुल आठ लोगों पर केस दर्ज कराया गया है। इनमें लवकुश पांडेय उर्फ राजा पांडेय, चंद्रमा प्रसाद पांडेय, राहुल द्विवेदी, राजधर द्विवेदी, कमलेश पांडेय, चंद्रशेखर पांडेय, विद्याकांत विश्वकर्मा व वाहन चालक नाम पता अज्ञात शामिल हैं। इनमें से राजा पांडेय मृतक के पिता की हत्या के मामले में ही जेल में निरुद्ध है और इसी मुकदमे में मृतक गवाह था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, नामजद आरोपियों में से राजधर द्विवेदी को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

**बाराबंकी आरटीओ में पंजीकृत है क्वालिस :** पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जांच पड़ताल में यह बात सामने आई है कि घटना में प्रयुक्त क्वालिस गाड़ी बाराबंकी आरटीओ में पंजीकृत है। इसे कई बार बेचा व खरीदा गया है। वाहन का वर्तमान मालिक लखनऊ के चिनहट का है। उससे संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ हुई तो उन्होंने बताया है कि टायर फटने के बाद उन्होंने कुछ लोगों को गाड़ी से उतरकर भागते देखा था। लेकिन बहुत दूर होने की वजह से किसी को पहचाना नहीं जा सका।

**एक दिन पहले मुंगारी टोल प्लाजा से गुजरा था वाहन :** पुलिस की जांच पड़ताल में यह बात भी सामने आई है कि हत्या में जिस क्वालिस का प्रयोग हुआ, वह एक दिन पहले मुंगारी टोल प्लाजा से होकर गुजरी थी। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने से पता चला है कि क्वालिस रात में टोल प्लाजा से गुजरी। फुटेज के जरिए उसमें सवार लोगों को चिह्नित किया जा रहा है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि नामजद आरोपियों में से कोई टोल प्लाजा से गुजरते वक्त क्वालिस में सवार था या नहीं।

**तनाव को देखते हुए पीएसी तैनात :** उधर घटना को लेकर गांव में व्याप्त तनाव को देखते हुए पीएसी तैनात कर दी गई है। मृतक के तीन बच्चे हैं जिसमें सबसे बड़ी बेटी श्वेता (16), पुत्र प्रियांशु (14) व आशु (12) है। पत्नी बबिता व बच्चों का को रो-रोकर बुरा हाल है।एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है। घटना के संबंध में कुछ अहम क्लू मिले हैं। जल्द ही हत्यारे गिरफ्तार किए जाएंगे।

**- अजय कुमार, एसएसपी।**

# बदमाशों व इविवि छात्रों के गुटों ने मिलकर की थी शिवकुटी में लूट





पुलिस के गिरफ्त में शातिर लुटेरे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शिवकुटी में कैश मैनेजमेंट कंपनी के एरिया मैनेजर राजेश कुमार पटेल (34) को असलहा सटाकर दिनदहाड़े 3.41 लाख रुपये लूट की वारदात को खुलासा हो गया। पुलिस का दावा है कि वारदात को प्रतापगढ़ के कुख्यात बदमाशों व प्रयागराज में छात्रों के एक गुट ने मिलकर अंजाम दिया था। इनमें से इविवि और सीएमपी कॉलेज के दो छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार दो सदस्यों की तलाश की जा रही है।

घटना सात मार्च को हुई थी जब राजेश डेल्हीवेरी कंपनी से रकम ले जाकर बैंक में जमा करने जा रहा था। छावनी क्षेत्र स्थित वीर अब्दुल हमीद द्वार के पास दो पल्सर बाइक पर सवार होकर आए पांच बदमाश उसे असलहा सटाकर रकम लूट ले गए थे। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज व सर्विलांस के आधार पर पता चला कि लुटेरे घटना के बाद बघाड़ा की ओर भागे। जिसके बाद पुलिस एक-एक कर लुटेरों तक पहुंच गई।

पुलिस के मुताबिक, घटना को प्रतापगढ़ के कुख्यात बदमाश एजाज अली निवासी कंधई और सीएमपी के छात्र गौरव शर्मा उर्फ बाला ने अपने गैंग के साथ मिलकर अंजाम दिया। इस घटना में गौरव का साथी व इविवि में एमए का छात्र नवनीत सिंह के अलावा प्रतापगढ़ के रानीगंज के असलम व रूबान अहमद और रसूलाबाद का चाय विक्रेता विशाल कुशवाहा भी शामिल थे। इन सभी को पकड़कर पूछताछ की गई तो मामले का खुलासा हो गया।एक करोड़ नकदी की थी सूचनापुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एरिया मैनेजर एक करोड़ रुपये लेकर बैंक जाने वाला है। पुलिस ने बताया कि एजाज अपने साथियों असलम, रूबान संग मिलकर मुस्लिम हॉस्टल, इविवि, छोटा बघाड़ा, मामा भांजा नैनी में छिपकर रहता है और लूट, छिनैती की वारदातें अंजाम देता है। यह गैंग रुपयों का लालच देकर छात्रों को भी अपने साथ शामिल कर लेता है। एजाज 25 हजार का इनामी अपराधी है और हत्या के मामले में वांछित था। इसी तरह रूबान पर कुल 11 मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा गौरव उर्फ बाला पर चार मुकदमे दर्ज हैं।

### 3.41 की लूट, बरामदगी सिर्फ 36 हजार

इस मामले में एक खास बात यह है कि 3.41 लाख की लूट के मामले में महज 36 हजार रुपये बरामद किए जा सके। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में बदमाशों ने मौके से महज 1.04 लाख रुपये मिलने की बात कबूली है। इनके कब्जे से छह मोबाइल, घटना में प्रयुक्त बाइक व पिस्टल-कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि घटना में राजापुर का सोनू यादव ने मुखबिरी की थी। जिसकी एक अन्य अभियुक्त आमिर के संग तलाश की जा रही है। घटना के दौरान एक बाइक पर एजाजा व रूबान थे जबकि दूसरी बाइक पर असलम, नवनीत व बाला सवार थे। बाला सीएमपी में बमबाजी के मामले में भी शामिल था।

# होली की गुझियों संग जमेगा शब-ए-बारात के हलुओं का रंग

## प्रेम-सौहार्द और आपसी भाईचारे का त्यौहार है होली





**डॉ. शमीम**

**पसना।** होली हिन्दू धर्म के अनुयायियों के प्रमुख त्यौहार है,देश के साथ-साथ विदेशों में बसे भारतीयों के बीच भी यह त्यौहार बड़े ही उल्लास के साथ मनाया जाता है। होली पर हर भारतीय घर की रसोईं में स्वादिष्ट गुझिया जरूर बनती है।संयोग से इस वर्ष होली के दिन ही शबेबरात का त्यौहार भी पड़ रहा है।यह त्यौहार मुस्लिम धर्म के अनुयायियों के लिए ईबादत(प्रार्थना) का त्यौहार है।इस अवसर ईस्लाम को मानने वाले लोग मस्जिदों व अपने घरों पर सारी रात जागकर देश की तरक्की, अमन-चैन व अपनी गलतियों की माफी के लिए अल्लाह की ईबादत करते हैं।

इस मौके पर हर मुस्लिम घरों की रसोई में सूजी,चने व अन्य तरह के स्वादिष्ट रंग बिरंगे हलवे बनाये जाते हैं। होली के पर्व को हिन्दू धर्म के साथ-साथ अन्य धर्मों को मानने वाले जैसे मुस्लिम,सिख,जैन,बौद्ध आदि धर्म के लोग पूरे उत्साह व भाईचारे के साथ मनाते है। त्यौहार ही एक दूसरे को आपस में जोड़ने का सबसे बड़ा माध्यम होता है,धर्म लोगों को जोड़ता है,किसी भी धर्म की शिक्षाओं में नफरत और बुराई की कोई जगह नही है।



अनेकता में एकता ही हमारे देश की विशेषता है।यहां सभी धर्म के मानने वाले लोग सदियों से आपस में मिलजुल कर एक दूसरे का त्यौहार मनाते चले आये हैं। होली पर भी मेरी ग्रामसभा में रहने वाले मुस्लिम भाइयों के साथ मैं होली मनाता हुँ ईद पर भी मेरे मित्र के यहाँ सेवइयां खाने का आनन्द उठाता हूं। देश का भाईचारा इसी तरह कायम रहे।

**अशोक मिश्रा अधिवक्ता मेजा तहसील**



मेरा देश महान है,इस देश रूपी वृक्ष की डाली पर सभी धर्म को मानने वाले लोग आपसी प्रेम व सदभाव के साथ रहते हैं।बचपन में होली की गुझिया और ईद की सिवइयों का लुत्फ मेरे लँगोटिया दोस्त शमीम के साथ मिलकर उठाता था,अभी नौकरी के कारण घर से दूर इंदौर में रहता हूं,लेकिन दोस्त से रोजाना का सम्पर्क बना रहता है।

**अमरेश कुमार मिश्र वरिष्ठ अभियन्ता**
**केस इंडिया लिमिटेड पीथमपुर म.प्र.**



होली एक ऐसा पर्व है जो प्रेम और सौहार्द का सबसे बड़ा संदेशवाहक है, होली के रंग में राष्ट्र का हर तबका और समाज अलग अलग रंगों के मिश्रण से मोहब्बत सौहार्द के एक रंग में सराबोर हो जाता है। सभी सामाजिक कुरीतियों बुराई में चाहे कितनी भी ताकत हो एकता और प्रेम के रंग में भंग होकर अच्छाई की तपिस में खाक हो जाती है इसलिए होलिका दहन के साथ-साथ अपनी सारी नकारात्मकता, राजनीतिक या व्यक्तिगत भाव या किसी अन्य कारण से उत्पन्न हुई बुराई या द्वेष आदि का आज अपने मन से दहन कर आपसी-सौहार्द भाईचारा को बढ़ावा देते हुए मोहब्बत कायम करने का समाज मे एकता का संदेश देने का सबसे बड़ा दिन है।

**फरहान गांधी प्रतियोगी छात्र**

# झुग्गी बस्ती के बच्चों को वितरण किया गया निशुल्क होली की सामग्री



निशुल्क सामग्री वितरित करती समाज सेविका

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सौहार्द का पर्व होली के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश के श्रेष्ठतम समाजसेवी एवं भगवान श्रीराम के एकमात्र सखा श्रृंग्डवेरपुर महाराज भगवान निषादराज गुह्य के एकमात्र वंशज डॉ० बी०के० कश्यप के द्वारा प्रयागराज शहर के आर्थिक रूप से अक्षम परिवारों के बच्चों को होली खेलने के लिए पिचकारियां, टोपियां,गुब्बारे व गुलाल रंग आदि का निःशुल्क वितरण कर बच्चों के होठों पर मुस्कान एवं उनके परिवार में खुशियां लाने के काम कर रहे हैं '

इसी ऋंखला के अंतर्गत डॉ० बी०के० कश्यप के द्वारा समाज सेवा को समर्पित निशा मिश्रा के माध्यम से सिविल लाइन स्थित पत्थर गिरजा के पास आर्थिक रूप से निर्बल परिवारों के बच्चों को होली संबंधित सामग्री वितरित कर खुशियां बांटी अवधेश निषाद, डॉ बीके कश्यप समाजसेविका निशा मिश्रा मौजूद मौजूद रही।

### होली पर हर्बल रंगों का करें प्रयोग- डॉ अमित

**सहसों।** होली मिलन समारोह में अच्छे स्वास्थ्य के लिए दिए गए टिप्स। हरिओम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सहसों बाईपास पर हरि ओम हॉस्पिटल में गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ अमित यादव ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए सभी लोग हर्बल रंगों का प्रयोग करें। त्वचा सहित शरीर के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा रंगो के त्योहार पर होली खेलने के पश्चात ठंडे पानी से अच्छी तरह आंखों सहित शरीर को अच्छी तरह अवश्य साफ करें। उन्होंने कहा खानपान में भी सजगता बरसते हुए गरिष्ठ भोजन करने से बचें। और होली त्यौहार पर मीठे पकवानों की अधिकता के चलते हर व्यक्ति को विटामिन सी युक्त फलों का प्रयोग जरूर करना चाहिए। उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर बधाई दी। इस मौके पर कोरोना संक्रमण से बचाव के तरीकों पर चर्चा करते हुए सभी को मास्क वितरित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान विष्णु केसरवानी, डॉक्टर के सी गुप्ता, डॉ दिलीप, अभिषेक सिंह, पंकज सिंह, नीरज पांडे राजू , प्रवीण गुप्ता, नरेंद्र यादव आदि रहे।

# अंत: करण में पवित्रता निर्मलता प्रकट होने की अवस्था को होलिका कहते हैं : स्वामी श्री योगी सत्यम





साधकों को होली के पर्व को समझाते स्वामी श्री योगी सत्यम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गुरुवार को क्रियायोग आश्रम में सभी साधकों को स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने होलिका दहन तथा होली के बारे में साधकों को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि होलिका दहन का वास्तविक अर्थ अंग्रेजी में होली शब्द का अर्थ पवित्रता से लगाया जाता है होली का शब्द होली और का के सहयोग से बना है होली का अर्थ पवित्रता से है तथा का का अर्थ कार्य करने से है ऐसा कार्य जिसको करने से अंतःकरण में पवित्रता अर्थात निर्मलता प्रकट हो को होली का कहते हैं ' जब हिरण्यकश्यप के मन में यह आवाज प्रकट हुई कि उससे बड़ी और कोई परम शक्ति है तो उसने और ध्यान तपस्या करके अपने अंदर पवित्रता लाने का प्रयास किया जब वे ध्यान तपस्या की शक्ति से अपने को निर्मल कर लिए फिर भी उनके अंदर आवाज आती रहेगी इस निर्मलता के ऊपर भी और बड़ी शक्ति है इस प्रकार ध्यान के द्वारा जो होलिका यानी निर्मल अवस्था प्रकट हुई थी वाह अंतरवाणी आनंद की तरफ ले जाती है( पहलाद की शक्ति ) के आगे फीकी पड़ गई अर्थात होलिका का दहन हो गया और प्रहलाद जीवित रहे। नरसिंह अवतार की आध्यात्मिक विवेचना अंत में हिरण्यकश्यप के अंदर यह भावना प्रकट हुई कि वह आवाज कौन है जो हमको बार-बार याद दिलाती है कि हमसे बड़ी भी कोई और सकती है हिरण्यकश्य उस परम शक्ति से एकाकार करने के लिए और ध्यान तपस्या करने लगे इस प्रकार अनुव्रत साधना करने पर नरसिंह अवतार प्रकट हो गया।

नरसिंह अवतार में नर और सिंह दो शब्द हैं नर शब्द में न का अर्थ नहीं और र का अर्थ परिवर्तन से है नर का अर्थ नहीं परिवर्तन अर्थात परिवर्तन के परे एक अवस्था से है भौतिक सूक्ष्म व कारण जगत से संबंधित ज्ञान ही परिवर्तनशील ज्ञान है इसी ज्ञान को माया का ज्ञान कहते हैं।

हिरण्यकश्यप जो पहले हिरण्यगर्भ की देव शक्ति की अनुभूतियों में उलझ गए थे बाद में और ध्यान किए और अंत में नरसिंह अवतार की अवस्था प्रकट हुई अर्थात नर अपरिवर्तनीय और सिंह परिवर्तनीय दोनों का ज्ञान प्राप्त कर लिए इस अवस्था के प्रकट होने पर उनके अंदर अनंत आनंद प्रकट हुआ उसी अनंत आनंद को प्रह्लाद कहा गया है ' प्रह्लाद का अर्थ है प्रक्रिस्ट आह्लाद ऐसा आनंद जिसकी कोई सीमा न हो

जो अनंत और शाश्वत हो इस अवस्था का प्रकट होना प्रहलाद की विजय है इस प्रकार हिरण्यकश्यप होलिका दहन नरसिंह अवतार पहलाद आदि से संबंधित प्रश्न केवल एक कथा नहीं है यह क्रियायोग की गहन साधना की विभिन्न विभिन्न अवस्थाएं हैं क्रियायोग का अभ्यास करने पर मनुष्य क्रमशः इन अवस्थाओं से गुजरता है जो अनंत परम ब्रह्म के साथ एक आकार कर लेता है अतः क्रिया योग की साधना करना वास्तविक होली को मनाना है बाहर जो होली का पर्व मनाया जाता है वह एक प्रतीक मात्र है उसका आनंद क्षणिक होता है क्रिया योग की साधना से अनंःकरण में प्रकट होने वाली होली का निर्मलता से आनंद की प्राप्ति होती है।

# गोली मारकर कत्ल में पिता-पुत्र को आजीवन कारावास, प्रतापगढ़ की कोर्ट ने सुनाई सजा

**प्रयागराज।** प्रतापगढ़ जनपद में एक शख्स की गोली मारकर हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर पिता-पुत्र को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। घटना पांच साल पहले हुई थी। इस घटना में बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी ने फैसला सुनाया। प्रतापगढ़ नगर कोतवाली के पूरे मुस्तफा खां पठान का पुरवा के करीब 50 साल के लालता प्रसाद सिंह अपने घर से बाल कटवाने के लिए 31 जुलाई 2017 को सुबह नौ बजे बाजार जा रहे थे। रास्ते में घात लगाए बैठे पड़ोसी इंद्रजीत सिंह पुत्र राम भजन सिंह, उसके पुत्र प्रमोद सिंह व सोनू के साथ ही बगल के रतन सिंह ने घेर लिया। इंद्रजीत तमंचा लिए था और रतन सिंह व सोनू सिंह के हाथ में लाठी, डंडा सरिया व अवैध असलहा था। पुरानी रंजिश के चलते हमलावरों ने लालता को दौड़ा लिया। भागने की कोशिश की तो उपरोक्त चारों ने उसे घेर लिया। इतने में इंद्रजीत ने उसके सिर पर गोली मार दी।

## एक गोली और मारो वरना बच जाएगा

प्रमोद ने सीने पर सरिया से मारते हुए कहा कि एक गोली और मारो, नहीं तो बच जाएगा। घातक हमले से लालता की मौके पर ही मौत हो गई थी। बीच-बचाव करने गए विमला देवी व नरेंद्र सिंह को भी उपरोक्त चारों ने मारा पीटा, जिससे गंभीर चोटें आईं। हत्या का मुकदमा चारों के खिलाफ लालता की भयाहू रांती देवी ने दर्ज कराया था। इस मामले में राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी रविंद्र बहादुर सिंह ने की। कोर्ट ने दोष सिद्ध पाते हुए हत्या के आरोपित इंद्रजीत सिंह व उसके पुत्र प्रमोद सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया। अन्य अभियुक्त सोनू व रतन सिंह को मारपीट के आरोप में दोषी पाते हुए प्रत्येक को एक-एक वर्ष के कारावास व एक-एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि में 50 हजार रुपये मृतक लालता के निकटतम उत्तराधिकारियों को देय होंगे।

### चालिस लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मऊआइमा।** चालिस लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाने की पुलिस ने ग्राम उधवपुर खगिया में दबिश डाल कर द्वारिका प्रसाद पुत्र रेघई को गिरफ्तार कर उसके पास से बीस लीटर तथा ग्राम मलखानपुर में पुलिस ने दबिश डालकर अशोक कुमार पुत्र किशोरीलाल के पास से बीस लीटर कच्ची शराब बरामद कर लिया तथा दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गई।

### निधन पर शोक

**नैनी।** जनाधार शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष दीक्षित की बेटी अंबिका देवी (आशी) का बीते दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। गुरुवार को नैनी के मेवा लाल की बगिया तिराहे के समीप कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मृत आत्म शांति के लिए दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान अखिलेश शुक्ल, पीयूष समेत कई लोग मौजूद रहे।

### धूमधाम से हुआ होलिका दहन, ग्रामीणों ने की पूजा

**जारी।** गुरुवार की शाम होलिका दहन के साथ होली पर्व का शुभारंभ हो जाएगा। इसके लिए पूरे तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों के जारी, जसरा, बारा, नारीबारी, घूरपुर, गौहनिया समेत इलाकों में बाजार पूरी तरह सज गए हैं । दुकानदार होली पर्व को देखते हुए होलीयारों के लिए तरह-तरह के कलरफुल टोपी मुखौटा बाल तथा रंग बिरंगी पिचकारीया दुकानदार बेच रहे हैं। वहीं मेहमानों के खाने पीने के लिए खोए की गुजिया पापड़ चिप्स और तरह-तरह के पकवान दुकानदार बेचते देखे जा रहे हैं। होली पर्व को देखते हुए बाजार गुलजार हो गए हैं। त्योहारी बाजार होने के कारण देर रात तक बाजारों में चहल-पहल बनी हुई है। क्षेत्रीय बाजारों में सजावट के लिए चमकीले झालर और लाइट खरीद रहे हैं। उधर बच्चों के लिए भी रंग बिरंगे कलर और स्पाइडरमैन मोगली के साथ तरह-तरह की पिचकारी भी परिवार के लोग बच्चों के लिए खरीद रहे है। फागुनी बयार पर सुबह से ही लोग खरीदारी में जुटे हुए हैं। रंग खेलने के बाद नए कपड़े पहनने का भी रिवाज है। इसके लिए भी बड़े बड़े शोरूम और दुकानों पर पहुंचकर कुर्ता पैजामा कपड़े खरीदने में जुटे हुए हैं । और घर मेहमानों के लिए तरह-तरह के पकवान बनाए जा रहे हैं बाजारों में लोग खूब खरीददारी घरों में गुजिया तैयार कर रहे हैं ।हिन्दुओ का महत्वपूर्ण पर्व होली 18 मार्च और 19 मार्च को मनायी जायेगी 17 मार्च की रात्रि होलिका दहन होगा।

### क्षत्रिय कल्याण समिति का होली मिलन समारोह 20 मार्च को

**नैनी।** विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी क्षत्रिय कल्याण समिति यमुनापार प्रयागराज के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन दिनांक 20 मार्च दिन रविवार को मध्यान्ह 12:00 बजे से चन्द्रलोक गेस्ट हाउस अवंतिका कालोनी नैनी किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए समिति के महामंत्री डी के सिंह ने बताया कि समोराह के मुख्य अतिथि उ० प्र० सरकार के पूर्वमंत्री डॉक्टर नरेंद्र कुमार सिंह होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत आईजी सी०पी० सिंह करेंग। समिति के अध्यक्ष गुरु प्रकाश राव, महामंत्री डी के सिंह सहित समिति के सभी पदाधिकारियों ने सभी क्षत्रिय बन्धुओं से समारोह मे सक्रिय सहभागिता हेतु अनुरोध किया है।

# राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्णः ललित

## युवा चेतना मंच कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संडवा चंद्रिका विकास खंड के मनोरथपुर में युवा चेतना मंच के कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष ललित पांडे ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवा राष्ट्र को दिशा देने के लिए आगे आएं।

उन्होंने कहा कि युवा समाजिक कार्यों के लिए अपना अमूल्य समय देकर अन्याय के खिलाफ गरीबों की लडाई लडें.। संगठन के संयोजक एवं एमडीपीजी कॉलेज के वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डा. छवि नारायण पांडेय ने कहा कि समाज में फैलती जातीय विषाक्तता से नौजवानों को सचेत रहना होगा और जातीय आधार पर पनपती विखंडन की प्रवृत्ति को रोकना होगा। गरीब परिवारों एवं माता-पिता विहीन बच्चों को चिन्हित कर उन्हें आर्थिक मदद देने एवं उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोडे जाने का सुझाव दिया। महामंत्री डा0 देवमणि तिवारी ने कहा कि युवा चेतना मंच सामाजिक कार्यों के लिए जाना जाता है। आज मंच के लोगों के समक्ष समाज को जोडने की चुनौती है। युवा समाज के हर वर्ग तक गरीबों व शोषित लोगों के बीच पहुंच कर उनकी मदद करें। अध्यक्षता कर रहे भानू प्रताप पांडेय ने मंच का उद्देश्य बताते हुए आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। शिक्षक एवं संयोजक सुरेंद्र प्रसाद पांडे ने अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने हेतु सदस्यता अभियान चलाने का सुझाव दिया। संचालन अधिवक्ता विनोद मिश्रा ने किया। इस मौके पर ब्रह्म दीपक राज मिश्र, डा. प्रशांत पांडेय, लव त्रिपाठी, डा. केशरी शुक्ला, हरिश्चंद्र ओझा मधुर, सीएम तिवारी, संजय श्रीवास्तव, संतोष तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी, सूर्य नारायण पांडे आदि लोगों ने अपना विचार दिए।



कार्य समिति की बैठक में बोलते अध्यक्ष ललित पाण्डेय।

## जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को दी होली की बधाई

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने जनपदवासियों को रंग और गुलाल के पर्व होली की शुभकामनाएं देते हुये उनके सुख व समृद्धि की कामना की है। उन्होने कहा कि रंगों का त्योहार होली सभी को आपसी मेल-जोल एवं सद्भाव की प्रेरणा देता है। होली यानि रंगों का त्योहार प्यार का त्योहार है इसे सभी लोग मिल जुलकर सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाये। उन्होनें जनपद के नागरिकों से अपील भी किया है कि होली पर्व को शान्ति एवं खुशी के वातावरण में मनाये। कोई भी व्यक्ति या वर्ग ऐसा कार्य न करें जिससे किसी की धार्मिक भावना को अघात पहुँचे और कानून एवं शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो। कीचड़ आदि किसी पर न फेके साथ ही मादक पदार्थो का सेवन भी न करें। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में कोरोना का खतरा टला नहीं है। अतः सभी जनपदवासी होली का त्योहार मनाते हुये कोविड-19 प्रोटोकॉल का अनुपालन आवश्यक रूप से सुनिश्चित कर।

# मारवाड़ी समाज ने दिन में ही किया होलिका पूजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद में होली का त्योहार उत्साह के साथ परम्परागत ढंग से अनुशासित ढंग से मनाया जाता है। गुरुवार की आधी रात के बाद होलिका दहन का मुहूर्त है लेकिन मारवाड़ी समाज के लोग दिन में ही होलिका का पूजन अर्चन करते हैं।

आज गुरुवार को चैक के समीप श्याम बिहारी गली में मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने दिन में ही होलिका की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस पूजा अर्चना में महिलाएं व बच्चे सभी शामिल हुए। इसी प्रकार कई स्थानों पर मारवाड़ी समाज के लोगों ने होलिका की पूजा की। रात में होलिका दहन तक लोग जगते हैं और होलिका दहन के बाद जलती होलिका का सिर नवाकर नमन करते हैं और होलिका दहन के बाद उसकी राखी को माथे पर लगाते हैं। होलिका जलती ही रहेगी जब शुक्रवार की सुबह रंग चलना शुरू हो जाएगा, जो ठीक बारह बजे तक शहर में चलता है। इसके बाद रंगों से नहाये लोग अपने घरों में लौटते हैं जहां नहा-धोकर, घर में विशेष भोजन लेकर फिर शाम को निकलते हैं। होली की शाम नगर में हास्य और व्यंग के वातावरण में गोपाल मंदिर में मनाई जाती है। गोपाल मंदिर में महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन विगत 25 वर्षों से अधिक समय से हो रहा है, जहां हास्य और व्यंग में लोग ठहाके लगाते हैं।

### आज दोपहर तक चलेगा होली का रंग



होलिका पूजन करतीं मारवाड़ी समाज की महिलाएं।

## पांच आरोपियों के खिलाफ बलवा व मारपीट का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा मारपीट व जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के बड़ी इटौरी निवासिनी विधवा जयश्री ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चैदह मार्च को दोपहर दो बजे रंजिशन विपक्षियो ने उसे गाली देते हुए मारापीटा। विपक्षी गांव के रामकिशोर के पुत्र घुरऊ, घुरऊ के पुत्र पप्पू व अमरजीत, अमित पुत्र पप्पू व प्रमोद के दामाद ने उसे लाठी डंडे से मारापीटा। बीचबचाव को आई बहू कुसुम को भी विपक्षियों ने मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार की रात घुरऊ समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## लोन लेने के बहाने बैंक में बुलाकर महिला से अश्लील हरकत करने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** महिला को बैंक में लोन लेने के बहाने बुलाकर उससे छेड़छाड़ किया गया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नेवादा गांव की रहने वाली साफिया पत्नी आजाद ने पट्टी कोतवाली पहुंचकर बताया कि वह पट्टी क्षेत्र के एक प्राइवेट बैंक से 40000 रुपये लोन लिया है। जिसका पैसा वह बराबर किश्त के अनुसार जमा करती रही। उसने बताया कि बुधवार को उसके पास बैंक के मैनेजर ने फोन करके कहा कि तुम्हारा रिकॉर्ड अच्छा है इसलिए तुम्हें 60000 रुपये का लोन पास किया जा रहा है, तुम बैंक आ जाओ। महिला दोपहर दो बजे बैंक पहुंची तो उसे सात बजे शाम तक रोक कर रखा गया। उसके बाद बैंक मैनेजर ने अपने दो साथियों को बुलाकर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे। पीड़ित महिला ने फोन करके अपने पति को बुलाया तो आरोपीगण उसके पति के साथ मारपीट गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बैंक के गार्ड ने बंदूक तान कर जान से मारना चाहा तो पीड़ित महिला व उसके पति वहां से भाग निकले। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी बैंक मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## जमीनी विवाद में महिला ने की मुख्यमंत्री से शिकायत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शेखपुरा अठगांवा की रहने वाली मीतू देवी विधवा है। उसके पति की मौत हो चुकी है। गुरुवार को उसने शिकायती पत्र मुख्यमंत्री के नाम लिखा, जिसमें उसने आरोप लगाया कि उसके खेत में एक व्यक्ति जबरन उसकी फसल काट रहा है। पुलिस को फोन करने पर आरोपी भाग जाता है। थाने में शिकायत पर आरोपी पर कोई कार्यवाही नहीं होती है। जबकि उक्त जमीन का विवाद न्यायालय में चल रहा है और न्यायालय की तरफ से स्थगन आदेश हुआ है। पीड़ित महिला ने बताया कि थाने पर दोनों पक्षों को बुलाया गया। महिला ने अपना समस्त कागजात दिखाएं। स्थगन आदेश दिखाया। उसके बावजूद भी आरोपी कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे है। जबरन जमीन पर कब्जा करने की नियत से उसकी फसल काट रहे हैं। पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री से आरोपी पर विधिक कार्यवाही करते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## छात्रा के अपहरण पर केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने छात्रा के अपहरण को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के नया का पुरवा धारूपुर निवासी जीतेन्द्र सरोज ने दी गई तहरीर मे कहा है कि सोलह मार्च को उसकी पुत्री स्वाती 15 प्रातः दस बजे घर से स्कूल को निकली। देर शाम स्कूल से वापस न आने पर स्वाती के परिजन चिंतित हो उठे। तहरीर मे पिता ने बेटी के साथ अप्रिय वारदात की भी आशंका जताई है।

# उपहार पाकर चहक उठे नौनिहाल, खेली होली

### बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने जरूरतमंद बच्चों को दिया बैग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** होली की पूर्व संध्या पर गुरुवार को उपहार में बस्ता पाकर जरूरतमंद नौनिहालों और छात्रों के चेहरों पर मुस्कान आ गई। नवीन शैक्षणिक सत्र में स्कूल जाने पर बैग की समस्या जो हल हो गई थी। यह सब संभव हो पाया रीवर डेल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वावधान में आयोजित निशुल्क बैग वितरण कार्यक्रम में। बच्चों ने अबीर गुलाल से होली खेली। उनका गुझिया से मुंह मीठा कराया गया। घर के लिए भी गुझिया दी गई। ग्रुप के सहयोगी मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर मनोज खत्री की तरफ से ऐसे बच्चों छात्रों को बैग बांटा गया। जो आर्थिक रूप से कमजोर थे। इसमें कुछ तो ऐसे भी थे जिनके अभिभावक नहीं थे। ग्रुप के सहयोगी अश्वनी केसरवानी ने कहा कि गरीबी में पल रहे ऐसे ही बच्चों को शिक्षित कर उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम आज बीबीएफजी कर रहा है। डॉक्टर मनोज खत्री ने कहा कि होली की पूर्व संध्या पर बच्चों की मदद कर एक अजीब से खुशी हो रही है। वे बच्चों की शिक्षा में मदद को तत्पर रहेंगे। टीचर शनि सरोज ने बताया कि 25 बच्चों को बैग बांटा गया। बैंग पाने के बाद साहिल, रागिनी, प्रदीप, सिमरन, शिवम, शुभम, साहिल, प्रिया, प्रीति की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कार्यक्रम में राकेश शर्मा रामायणी ने भजन गाकर लोगों का मन मोहा। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार ने किया।



बीबीएफजी द्वारा आयोजित बैग वितरण कार्यक्रम में मौजूद बच्चे।

## दो पक्षो में जमकर हुई मारपीट में युवक गंभीर

अखंड भारत संदेश

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र के खानदेव की सराय में वृहस्पतिवार को अपराह्न दो बजे दिन राजेश्वर यादव व राजू आदि से रास्ते के विवाद को लेकर मार पीट होने लगी। बीच बचाव को दौड़े राजेश्वर के भाई कमलेश यादव व सुमन यादव को राजू पक्ष के धर्म राज समेत लाठी डंडों व हथियारो से लैश करीब आधा दर्जन लोगो ने एक राय होकर हमलावर हो गए। मार पीट के दौरान कमलेश के सिर में गम्भीर चोटे आयी जिसे परिजन लेकर जिला अस्पताल भागे जहाँ पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे प्रयागराज के एस.आर.एन के लिए रिफर कर दिया। परिजनों की माने तो इलाज के दौरान कमलेश की स्थिती नाजुक बनी हुयी है। घटना के बाद दोनों पक्षो में काफी तनाव है। पीड़ित राजेश्वर ने जेठवारा थाने पर राजू यादव समेत तकरीबन आधा दर्जन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी नही लिखा गया मुकदमा

### पीड़िता व उसकी माँ लगा रही है थाने का चक्कर

अखंड भारत संदेश

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** चार दिन पूर्व थाना क्षेत्र के वरियार पुर बरिस्ता की एक महिला ने थाने पर लिखित शिकायत किया था कि वह रविवार के दिन अपनी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ रामगंज बाजार गयी थी, शाम ढलने के पहले वह बाजार से घर वापसी कर रही थी।

तकरीबन साढ़े छह बजे शाम रास्ते मे एक पुलिया के समीप उसकी बेटी लघुशंका करने गयी तो पहले से घात लगाए बैठे तीन मनचले युवकों ने उसका मुँह दबाने के बाद गन्दी नियत से जबरन उसे उठाकर जंगल की ओर ले जा रहे थे। इसी बीच उसकी निगाह उन दरिन्दों के ऊपर पड़ गयी तो वह जोर जोर से बचाओ बचाओ की आवाज देकर चीखने व चिल्लाने लगी उसकी चिल्लाहट की आवाज सुनकर राहगीरों समेत ग्रामीणों उसकी तरफ दौड़ पड़े।

भीड़ आते देख मनचले युवक छात्रा को छोड़ भाग निकले। बेटी की इज्जत आबरू बचने के बाद पीड़िता ने राहत की सांस ली। इस संदर्भ में पीड़िता ने बतया की घटना की लिखित शिकायत करते हुये वह तीन अज्ञात लोगो के खिलाफ थाने पर तहरीर दिया है वह बराबर थानेदार से मिलकर मुकदमा पंजीकृत करने व आरोपियो के खिलाफ कार्यवाही किये जाने के लिए अपनी अर्ज लगा रही है लेकिन उसका मुकदमा नही दर्ज किया गया जिससे वह व उसका परिवार डर सहमा है। उस्का यह भी कहना है कि यदि पुलिस मुकदमा नही लिखती तो वह चुप नही बैठेगी होली बाद वह कप्तान से मिलकर अपनी आप बीती बयां करने के लिए मजबूर होगी।

## छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के नया का पुरवा धारूपुर निवासी लालता प्रसाद पुत्र रामसजीवन ने पुलिस को दी गई तहरीर मे गांव के एक आरोपी पर पत्नी के साथ छेडछाड व मारपीट तथा धमकी का आरोप लगाया है। तहरीर मे पीड़ित ने कहा है कि सोलह मार्च को दिन मे साढे बारह बजे उसकी पत्नी गंगोत्री घर मे अकेली थी। गांव के एक आरोपी ने घर मे घुसकर पीड़िता के साथ बदसलूकी करने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी व उसके घर के महिलाओं ने भी मारपीट करते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। पीड़िता को गंभीर चोटें आयी है। थानाध्यक्ष कमलेश पाल का कहना है कि तहरीर की जांच कराई जा रही है, कार्रवाई की जाएगी

## एमएलसी पद हेतु नाम निर्देशन की तिथि 21 मार्च तक बढी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि 19 मार्च को निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट के अन्तर्गत सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिये जाने के कारण प्रतापगढ़ के स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र में विधान परिषद के सदस्य पद हेतु 19 मार्च को नाम निर्देशन की अन्तिम तिथि होने के कारण भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 153 के अन्तर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्रतापगढ़ स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र हेतु जारी अधिसूचना में संशोधन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रतापगढ़ स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन कार्यक्रम के सम्बन्ध में बताया है कि नाम निर्देशन हेतु अन्तिम तिथि 21 मार्च, नाम निर्देशनों की संवीक्षा 22 मार्च, नाम वापसी की अन्तिम तिथि 24 मार्च तथा मतदान 09 अप्रैल को होगा। 16 अप्रैल जिसके पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होने बताया है कि आयोग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रथम चरण में आने वाले जनपद प्रतापगढ़ स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के सम्बन्ध में जो भी नाम निर्देशन पत्र 4 और 5 फरवरी को भरे गये होगें उन पर ऐसे नाम निर्देशन पत्रों के साथ विचार किया जायेगा जो 15 मार्च से 21 मार्च तक भरे जा सकते है। 17 मार्च को होलिका दहन तथा 18 व 19 मार्च को होली का सार्वजनिक अवकाश जो निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट 1881 के अधीन है, होने के कारण निर्वाचन हेतु नामांकन पत्र नहीं लिये जाएंगे।

# रोवर्स रेंजर्स के प्रशिक्षण का हुआ समापन, दिया गया मार्ग दर्शन

### मां कुंती देवी महिला प्रशिक्षण संस्थान में हो रहा था प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मां कुंती देवी महिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान सराय सुल्तानी रानीगंज के तत्वावधान में आज रोवर्स रेंजर्स के प्रशिक्षण का समापन हुआ। जिला प्रशिक्षण आयुक्त संजीव शर्मा ने आज रोवर्स रेंजर्स को बताया कि सीमित संसाधन एवं प्रकृति का संरक्षण करते हुए कैसे जीवन यापन करें।

इसके अन्तर्गत आज रोवर्स रेंजर्स के द्वारा कैम्प का निर्माण एवं पाक कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 पूर्णांशू ओझा ने रोवर्स रेंजर्स को मार्ग दर्शन प्रदान किया। इसके साथ ही रानीगंज क्षेत्राधिकारी अतुल अंजान त्रिपाठी ने रोवर्स रेंजर्स के कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्हें प्रोत्साहन प्रदान किया। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा0 हाजरा बेगम, उप प्राचार्य डा0 क्षमापति त्रिपाठी, प्रो0 शरद पाण्डेय, डा0 धर्मेन्द्र मिश्र, प्रो0 सुप्रिया श्रीवास्तव, प्रो0 राधा गुप्ता, प्रो0 अनुपम पाण्डेय, प्रो0 निधि पाण्डेय, डा0 विजय श्रीवास्तव, डा0 रितिका श्रीवास्तव, डा0 दीप्ति पाण्डेय, प्रो0 कंचन यादव, प्रो0 धर्मेन्द्र तिवारी, प्रो0 दीपचंद्र यादव, प्रो0 शालिनी श्रीवास्तव, प्रो0 आशीष मिश्र, डा0 कमल प्रकाश शुक्ल, प्रो0 पूजा शुक्ला, प्रो0 अतुल दुबे, प्रो0 मोनिका शुक्ला, प्रो0 सौरभ त्रिपाठी, प्रो0 विनोद यादव, डा0 हरीश कुमार मिश्र, डा0 सुधाकर, डा0 बिहारी लाल सोनी, डा0 आनंद प्रकाश त्रिपाठी, प्रो0 शुभम तिवारी, प्रो0 अनिल कुमार मिश्र, प्रो0 श्वेता तिवारी, राजेश प्रजापति, शैलेश ओझा, शैलेश यादव, विकास मिश्र, जिला प्रशिक्षण आयुक्त संजीव शर्मा, रोवर टेज्नर दीपक बरनवाल, हिमांशु शर्मा, कु0 सबा बानो, रोवर प्रभारी मयंक श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।



रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण में जानकारी लेते सीओ अंतुल अंजान।

## संस्कार ग्लोबल स्कूल में धूमधाम से मनाई गई होली

**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेऊँगा में बुधवार को धूमधाम से होली मनायी गयी। शिक्षकों ने बच्चों को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। राधा-कृष्ण के वेश में सजे विद्यालय के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने मथुरा की होली का प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं ने होली की आकर्षक रंगोली बनाकर सुरक्षित तरीके से होली त्यौहार मनाने की अपील किया। प्रिंसिपल स्मृति सिंह ने बच्चों व शिक्षकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने की बात कही। इस मौके पर प्रकाश त्रिपाठी, उमा सिंह, सन्ध्या शुक्ला, अमित सोनी, राहुल श्रीवास्तव, अविनाश सिंह, गौरव जायसवाल, अंकिता सिंह, विपिन सिंह, दीपिका मिश्रा, अपराजिता सिंह, शिवानी श्रीवास्तव, अमिता बनर्जी, कल्याणी सिंह, रेनू सिंह, वर्षा ओझा, अस्मिता पाण्डेय, संगीत दुबे, विकास सिंह, प्रवीण मौर्य, विनोद मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# आदर्श नगर पंचायत के साथ लालगंज को मिलेंगी सभी सुविधाएं : प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच एण्ड को-आर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने कहा है कि लालगंज को आदर्श नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद यहां का नगरीय विकास की चमक तेजी से बढ़ेगी।

गुरूवार को यहां कैम्प कार्यालय पर सभासदों तथा नगरीय क्षेत्र के व्यापारियों व आम लोगों के साथ हुई बैठक मे उन्होनें कहा कि वह और विधायक मोना का रामपुर खास के विकास को तेजी के साथ जारी रखने की श्रृंखला मे भविष्य मे लालगंज मे जिले स्तर की सभी जरूरत की सुविधाएं भी मुहैया नजर आयेंगी। प्रमोद तिवारी के लालगंज के विकास से जुड़े विचारों को सुन यहां मौजूद सभासदों व अन्य लोगों को करतल ध्वनि से स्वागत करते भी देखा गया। इसके पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी व प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की अगुवाई मे सभासदों ने आदर्श नगर पंचायत की सौगात के लिए प्रमोद तिवारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर अशोक सिंह बब्लू, अमित प्रताप सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, सुधाकर पाण्डेय, विकास मिश्र, छोटे लाल सरोज, दृगपाल यादव, रघुनाथ सरोज, लालजी यादव, महेन्द्र सिंह, डा. चन्द्रेश सिंह, ददन सिंह, आचार्य विन्देश्वरी पटेल, छोटे सिंह, पप्पू जायसवाल, एबादुर्रहमान, रहमानी मियां आदि मौजूद रहे।



क्षेत्र में लोगों से मुलाकात करते प्रमोद तिवारी।

## खबर संक्षेप

### आतंक कायम कर बालिका की शादी रुकवाने में लगे शोहदे

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कौशांबी थाना अंतर्गत मोहद्दीनपुर कोरांव गांव की एक बालिका इन दिनों शोहदों के आतंक से परेशान है अत्याचार आतंक का पर्याय बने शोहदे बालिका के परिजनों और ससुराली जनों को 3 दिन से लगातार मोबाइल फोन से बालिका की शादी रोकने की धमकी दे रहे हैं। आरोप है कि बालिका की ससुराल से उसका संबंध विच्छेद शोहदे कराना चाहते हैं। बालिका की शादी की बातचीत सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा गांव में हो हुई है और शादी की तारीख निश्चित हो गयी है।जहां लगातार तीन दिन से नए नए मोबाइल नंबर से फोन कर बालिका की शादी रोकने की बात ससुराल और परिजनों से कही जा रही है शादी ना रोकने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दोनों परिवार को दी जा रही है।

### गायब बालिका का नहीं लगा सुराग

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के जलालपुर साना समदा गांव के जानकीशरण की बहन 12 मार्च को खेत की ओर गई थी और उधर से वह बालिका गायब हो गई है बताया जाता है कि अर्जुन नामक युवक अपने साथी के साथ बालिका को मोटरसाइकिल से लेकर चला गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है लेकिन 5 दिन बीत जाने के बाद बालिका का कहीं पता नहीं चला है जिससे बालिका के परिजन परेशान हैं।

# दूधिया को गोली मारकर उतारा मौत के घाट

**पिपरी थाना क्षेत्र के चंद्रसेन गांव में तमंचे से लैस तीन हमलावरों ने दिया घटना को अंजाम, हत्या के पूर्व हमलावरों ने किया था लूट का प्रयास**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के तियरा गांव के एक दूधिये को बुधवार की रात्रि 9:00 बजे गोली मार दी गई है घायल दूधिए को ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई है गांव के बीच हत्या किए जाने के बाद हत्यारे बेखौफ तरीके से फरार हो गए हैं मृतक के भाई ने पिपरी पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है दूधिए की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है बताया जाता है कि एक आरोपी को पिपरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के तियरा गांव निवासी श्यामेन्द्र सिंह उम्र लगभग 26 वर्ष पुत्र सुरेंद्र सिंह गांव-गांव में दूध की खरीद कर बेचने का काम करते हैं प्रतिदिन की तरह वह बुधवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे दूध दुहाने चंद्रसेन गांव गए थे इसी बीच एक दुकान पर खड़े होकर उन्होंने कुछ खरीददारी की जैसे ही दुकान से बाहर श्यामेन्द्र सिंह निकले गांव के तीन युवक श्यामेन्द्र सिंह के पास पहुंचे और गाली गलौज करते हुए उससे लूटपाट करने लगे श्यामेन्द्र ने जब लूटपाट का विरोध किया तो युवकों ने उसके सीने में गोली मार दी जिससे खून से लथपथ श्यामेन्द्र घटनास्थल गिर पड़े गोली मारने के बाद तीनों हमलावर बेखौफ तरीके से घटनास्थल से चले गए लेकिन किसी ग्रामीण ने उन्हें रोकने का साहस नहीं किया हमला के बाद गांव के लोगों ने मामले की सूचना श्यामेन्द्र के भाई यदुनंदन सिंह को दिया मामले की जानकारी मिलते ही यदुनंदन सिंह समेत तमाम लोग घटनास्थल पर पहुंचे और आनन-फानन में घायल श्यामेन्द्र सिंह को इलाज के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे रास्ते में श्यामेन्द्र सिंह की मौत हो गई चिकित्सकों ने श्यामेन्द्र की मौत की पुष्टि कर दी है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है युवक की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है बताया जाता है कि एक हमलावर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है गिरफ्तार हमलावर से पुलिस की कड़ी पूछताछ जारी है।



हत्या के बाद रोते बिलखते परिजन

### हत्या के पीछे कही अवैध सम्बन्ध तो नही!

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र में दूधिये श्यामेन्द्र सिंह की हत्या के पीछे कही अवैध सम्बन्ध की कहानी तो नही है बताया जाता है कि दूध दुहाने जाते वक्त एक युवती से दूधिए के अवैध सम्बन्ध हो गए थे इस बात का युवती के परिजन बराबर विरोध करते थे।

# प्राथमिक स्कूल की चाहरदीवारी का बजट निकालने के बाद अधूरा छोड़ दिया निर्माण

**पूर्व प्रधान के कार्यकाल में बनी नाली के नाम पर फिर निकाल लिया गया बजट**





**कौशाम्बी।** मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के यार आज जमालपुर गांव में विकास योजनाओं के नाम पर जमकर धांधली मची है खंड विकास अधिकारी से लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी बढ़ते भ्रष्टाचार में मोहन साध चुके हैं जिससे ग्राम पंचायत विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान मनमानी पर उतारू है फर्जी तरीके से ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की कार योजनाएं बनाई जा रही हैं और सरकारी खजाने से रकम निकालकर इसका बटवारा तक सरकारी योजनाएं सीमित है। कई बार ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत की धांधली की शिकायत अधिकारियों से की लेकिन जांच के नाम पर ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार में झूठी रिपोर्ट लगाकर अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है। ग्रामीणों ने तियारा जमालपुर में तमाम योजनाओं में हुई धांधली शिकायत योगी सरकार से करते हुए गांव के भ्रष्टाचार की जांच कराकर दोषी प्रधान और सेक्रेटरी पर कार्यवाही की मांग की है गौरतलब है कि पूर्व ग्राम प्रधान के कार्यकाल में गांव में नाली निर्माण कराया गया था लेकिन नए प्रधान का कार्यकाल आते ही ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान ने 6 महीने पूर्व बनी नाली में फिर कार्य योजना बनाकर निर्माण की भूमिका शुरू कर दी मौके पर निर्माण तो नहीं हुआ लेकिन नाली निर्माण के नाम पर लाखों का बजट खजाने से निकल गया खंड विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी विकास कराए जाने की डफली बजाते हैं गांव में भ्रष्टाचार का अंतर यही नहीं हुआ बल्कि ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यालय के चार दिवारी के नाम पर बड़ा बजट खजाने से निकाल लिया गया चारदीवारी का निर्माण पूरा नहीं हो सका और बजट खजाने से पूरा निकल गया। सूत्रों की माने तो प्राथमिक विद्यालय की चारदीवारी के निर्माण के बजट में अधिकारियों की भी हिस्सेदारी उन तक पहुंच गई बेखौफ तरीके से ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार और धांधली का खेल चरम पर चल रहा है लेकिन अधिकारी मूर्ख दर्शक बनकर भ्रष्टाचारियों को बढ़ावा दे रहे हैं। ग्राम पंचायत तियरा जमालपुर में बढ़ते भ्रष्टाचार की अनेकों कहानियां हैं साफ सफाई के लिए नियुक्त किए गए सफाई कर्मी के वेतन से पंचायत सचिव शिक्षा वसूली कर रहे हैं जिससे ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था चौपट हो चुकी है पूरे गांव में नालियां बज बजा रही है जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं गंदगी से ग्रामीणों का जीवन नरकीय बन चुका है लेकिन फिर भी ग्राम पंचायत की सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सकी है पूरे दिन सरकारी खजाना से गुणा गणित कर रकम निकालने तक पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान सीमित रह गए हैं 6 महीने में बड़ा बजट निकाल लिए जाने के बाद भी ग्राम पंचायत में विकास योजनाएं जमीनी सतह पर नहीं उतर सकी है।

**डस्टबिन खरीद में बड़ा घोटाला :** मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के तियरा जमालपुर ग्राम पंचायत में धांधली का आलम यह है कि डस्टबिन खरीद के नाम पर 99 हजार रुपए की रकम सरकारी खजाने से निकाल ली गई है लेकिन ग्राम पंचायत में कहीं भी डस्टबिन खरीद कर नहीं रखी गई है फर्जी अभिलेख के सहारे गांव में भ्रष्टाचार पनप रहा है विकास के नाम पर योगी सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने में पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान ने कोई कसर नहीं छोड़ी है

**बजट निकलने के बाद भी नहीं लग सकी स्ट्रीट लाइट :** करारी कौशांबी मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत तियरा जमालपुर गांव में प्रकाश व्यवस्था के उद्देश्य से सरकार ने स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्देश दिया है इस निर्देश के तहत सरकारी खजाने से 2 लाख रुपए की रकम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान ने निकाल ली है लेकिन गांव में स्ट्रीट लाइट नहीं लग सकी है तियरा जमालपुर गांव में बढ़ते भ्रष्टाचार में खंड विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी ने मौन स्वीकृति दे रखी है जिससे भ्रष्टाचार में इनकी सहभागिता से इनकार नहीं किया जा सकता।

**हैंडपंप मरम्मत में बड़ा घोटाला :** करारी कौशांबी मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत तियरा जमालपुर में आधा दर्जन हैंडपंप मरम्मत के नाम पर 6 महीने के कार्यकाल में 3 लाख रुपए के लगभग रकम सरकारी खजाने से निकाली जा चुकी है लेकिन जो हैंडपंप पूर्व से खराब थे उनकी मरम्मत नहीं कराई गई है और बजट का हिस्सा बंटवारा कर लिया गया है जिससे गर्मी शुरू होते ही ग्रामीणों के बीच पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है।

# सीमा विवाद को लेकर किन्नरों का दो गुट भिड़ा

**चरवा में किन्नरों के गुट भिड़ने के बाद थाने में चली पंचायत के बाद निकला हल**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बेरुआ चौराहे पर बुधवार दोपहर को क्षेत्र सीमा को लेकर किन्नरों का दो गुट आपस में भिड़ गया। दोनों पक्षों से की गई गाली गलौज और मारपीट में दोनों पक्षों के किन्नरों को चोटें आईं। आसपास रहे लोगों ने झगड़ा शांत कराया तो दोनों पक्ष थाना पहुंच गए। घंटे भर चली पंचायत के बाद शाम 6 बजे समस्या सुलझाई गई।

भरवारी निवासी किन्नर मुस्कान ने बताया कि वह कौशांबी जनपद के किन्नरों के नायब हैं। कौशांबी जनपद उनके क्षेत्र में आता है। जिसके अंतर्गत वह शुभ अवसरों पर लोगों को बधाइयां देकर दान में रुपये मांगती हैं। बुधवार को वह अपनी टीम के साथ चरवा थाना क्षेत्र के बेरुआ चौराहे पर दुकानों से त्योहारी मांग रही थी इसी बीच प्रयागराज का एक किन्नरों का गुट पहुंच गया। वह भी लोगों को बधाइयां देकर रुपये मांगने लगे। इसी दौरान आमने-सामने हुए दोनों गुट में सीमा विवाद को लेकर आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। नौबत मार पीट तक पहुंची तो महामंडलेश्वर प्रयागराज किन्नर अखाड़ा से आए किन्नरों ने दूसरे गुट की पिटाई कर दी। आसपास रहे लोगों ने बीच बचाव कर झगड़ा शांत कराया। जिसके बाद दोनों गुट थाना पहुंचा। घंटे भर चली पंचायत में कौशांबी गुट की किन्नर नायब मुस्कान ने बताया कि वह कौशांबी जनपद के किन्नरों के नायब हैं। उनके गुरू सिद्धि नायब ने उन्हें विरासत सौंपी थी। जबकि प्रयागराज के किन्नरों का कहना था कि वह मंडल स्तरीय अखाड़े से हैं। वह कहीं भी जा सकते हैं। थाना पर चली पंचायत में चरवा इंस्पेक्टर संतोष कुमार शर्मा ने मसले का हल निकालते हुए दोनों पक्षों को अपने - अपने जनपदों की सीमा में रहने की सलाह दी, जिसमें दोनों पक्ष संतुष्ट हुआ।इंस्पेक्टर संतोष शर्मा ने बताया कि किन्नरों ने बुधवार को किन्नरों का जन्म की उत्पत्ति बताई गई है। बुधवार के दिन किन्नरों का हरा रंग का होना चाहिए, लेकिन किन्नरों ने लाल, गुलाबी, पिला, नीला, काला, आसमानी रंग के कपड़े पहन कर बधाइया मांग रही थी।



विवाद को लेकर थाने पहुंचे किन्नर

# आबकारी पुलिस लस्त- ठेकेदार मस्त

अखंड भारत संदेश

**भांग की दुकान से सरेआम बेंचा जा रहा है गांजा**

**कोतवाली पुलिस ,आबकारी विभाग के संरक्षण में खुलेआम बिकता है गांजा**

**कौशाम्बी।** पुलिस और आबकारी विभाग की नाक के नीचे राष्ट्रीय राजमार्ग अथसराय सरकारी भांग के ठेके से केवल गांजा बेचने का गोरखधंधा धड़ल्ले से चल रहा है वही सूत्रों की माने तो भांग की दुकान से नशीले गांजे को एक विशेष नाम से मोटे दाम पर बेंचा जा रहा है जिसका नशा स्मैक और कोकीन से भी कई गुना ज्यादा खतरनाक है इस नशे के नशेड़ियों को सुबह से शाम कभी भी देखा जा सकता है जिसे बच्चे से लेकर हर उम्र के लोग खतरनाक नशे का शिकार हो रहे हैं। योगी सरकार से लेकर पुलिस अधिकारी संगठित अपराध की जड़ तोड़ने पर लगे हुए है लेकिन हल्का पुलिस संगठित अपराध से अवैध वसूली के कारणों के चलते योगी सरकार और पुलिस अधिकारी अपने मंसूबे पर सफल होते नहीं दिख रहे हैं इससे बेखौफ तरीके से संगठित अपराध के धंधे में लिप्त लोग संगठित अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं जो शासन प्रशासन की व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है सैनी कोतवाली के अथसराय चौराहे पर भांग की दुकान में कई वर्षों से बेखौफ तरीके से गांजा की बिक्री हो रही है और सब कुछ जानते हुए भी स्थानीय पुलिस और आबकारी अनजान बनने का ढोंग कर रही है।यह अपने करिन्दों से अवैध वसूली करवाकर मालामाल हो रहे हैं।आबकारी विभाग ने ठेकेदारों को भांग का ठेका दिया है लेकिन भांग की जगह गांजा की खुलेआम बिक्री करवाई जा रही ।स्थानीय लोगो ने बताया कि इस दुकान के गांजा बिक्री का वीडियो फोटो भी कई बार वायरल हुआ वहीं यदि इसके गुप्त गोदाम में छापा मारा जाय तो बड़ी मात्रा में गांजा बरामद होगा!लेकिन दबंग ठेकेदार की ऊंची पहुंच से आज तक कोई कार्रवाई नही हुई। आखिर वजह क्या है। क्या मादक पदार्थ खुलेआम बेंचे जाएंगे।

# सवारियों से भरा अनियंत्रित विक्रम पलटा आधा दर्जन लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवां प्राइमरी विद्यालय हनुमान मंदिर के पास सवारियों से भरा एक विक्रम अनियंत्रित होकर पलट गया है जिससे सवारिया विक्रम के नीचे दब गयी हैं हादसे में आधा दर्जन से अधिक सवारियों को चोटें आई हैं सूचना पाकर मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंच गई है आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण और राहगीर घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस के सहयोग से बचाव एवं राहत कार्य में जुट गए हैं घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के चौराहे बाजार से 12 सवारियां लेकर विक्रम चालक मंझनपुर जा रहा था जैसे ही विक्रम चालक टेवा पुलिस चौकी अंतर्गत प्राइमरी स्कूल हनुमान मंदिर के पास पहुंचा कि विक्रम चालक अनियंत्रित हो गया और लहरा कर विक्रम पलट गई विक्रम पलटते ही चीख पुकार मच गई हादसे में सवारियां बिक्रम में दब गई हादसे को देखकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान और मजदूर मौके पर पहुंचे राहगीर भी घटनास्थल पर रुक गए मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई बिक्रम में दबे घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है विक्रम चालकों की लापरवाही और अनियंत्रित वाहन चलाने से जिले में आए दिन विक्रम की सवारियां दुर्घटनाग्रस्त हो रही है लेकिन अनियंत्रित विक्रम चालको पर जिम्मेदार रोक नहीं लगा रहे हैं जिससे सवारियों की जिंदगी हमेशा खतरे में रहती है।



घायलों को अस्पताल ले जाता एंबुलेंस

### जिले से भाजपा का सफाया होने के बाद पार्टी नेताओं में खिंची तलवारें

**कौशाम्बी।** विधानसभा चुनाव में कौशांबी जिले के तीनों विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की हार के बाद भाजपा नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप को लेकर तलवारें खिंच गई हैं और हार का ठीकरा एक दूसरे नेताओं पर फोड़ा जा रहा है जिले से भाजपा के सफाया पर जिम्मेदारी लेने को कोई नेता तैयार नहीं है जिन नेताओं ने अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को हराने की भरसक कोशिश की है वह भी इस जिम्मेदारी से अब बच रहे हैं इतना ही नहीं भाजपा के 3 विधायकों के हार जाने के बाद कुछ पार्टी नेता एक दूसरे पर अशब्दो की बौछार कर अपमानित कर रहे हैं वर्तमान की सरकार के साथ-साथ पूर्व की सरकारों पर भी आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद भाजपा नेता बिचलित दिखाई पड़ रहे हैं दूसरे दल से आया सांसद का खास समझा जाने वाला एक नेता भी पार्टी के शीर्ष नेताओं के प्रति अभद्र टिप्पणी कर रहा है भाजपा विधायक प्रत्याशियों के तीनों सीट पर हार के बाद जिले में राजनैतिक माहौल गर्म है।

# अंतरजनपदीय वांछित टॉप टेन शातिर हिस्ट्रीशीटर सहयोगी के साथ गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक दो तमंचा और गांजा बरामद**

**कौशाम्बी।** चरवा पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की बाइक तमंचा और गांजा बरामद किया है पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें अदालत में पेश किया है जिलों के टॉपटेन अपराधियों में शामिल हिस्ट्रीसीट एवं अन्तर्जनपदीय लूटेरो को साथियों समेत चरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक जनपद द्वारा लूट चोरी छिनैती जैसी घटनाओं को पूर्णतः रोकने हेतु कड़े दिशा निर्देश दिये गये थे जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्ग दर्शन एवं क्षेत्राधिकारी चायल के पर्यवेक्षण में 17 मार्च को प्रभारी निरीक्षक चरवा तथा इंटेलिजेंस विंग द्वारा अन्तर्जनपदीय वांछित टापटेन लूटेरों को साथी समेत सिरियावाँ चौराहा से गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त मानसिंह पुत्र रतन लाल एक शातिर लुटेरा टापटेन व एच०एस०अपराधी है जो जनपद प्रयागराज, प्रतापगढ़ में लूट की घटनाओं में वांछित है।गिरफ्तार अभियुक्त के साथी। सैफी पुत्र मो० बजे निवासी ग्राम महगांव थाना चरवा को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 05 किलो गांजा 02 अदद तमंचा 315 बोर 03 अदद जिन्दा कारतूस वा 01 अदद चोरी की मोटर साइकिल पुलिस ने बरामद किया है।



आरोपियों के बारे में जानकारी देते थानेदार

### 90 किलो गौ मांस चापड़ के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार


**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी चायल के कुशल पर्यवेक्षण में मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक चरवा के नेतृत्व में उप निरीक्षक वीर प्रताप सिह चौकी प्रभारी महगाँव द्वारा दो व्यक्ति को प्लास्टिक की बोरी में गौ मांस के साथ महगाव से गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अभियुक्त मो० वाजिद पुत्र छोटे लाल निवासी ग्राम भैरो भीटी थाना चरवा और शकिल अहमद पुत्र कबीर अहमद निवासी ग्राम महगाँव थाना चरवा गौमांस ले कर जी०टी० रोड महगाँव की तरफ लेकर जा रहे है जिनको चौकी प्रभारी महगाँव द्वारा ग्रीन सिटी गेट पैगम्बरपुर रोड के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से 90 कि०ग्रा० गौ मांस व दो चापड आदि पुलिस ने बरामद किया है गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया गया।

# खाकी की कृपा से गुलजार हो रहे हैं अपराधी

**हत्या करने का ऑडियो वायरल पोस्टमार्टम ने की हत्या की पुष्टि हत्यारों पर नामजद मुकदमा दर्ज फिर भी पुलिस ढूंढ रही साक्ष्य**

अखंड भारत संदेश

**आधा दर्जन लोगों ने युवक का अपहरण करने के बाद ललकार कर की थी हत्या**



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में गजब की पुलिस की व्यवस्था हो गई है अब पुलिस हत्यारों से बचाव का रास्ता खोज कर उसे साक्ष्य बनाने में लगी है जिससे अपराधी गुलजार हो रहे हैं मगर देखने वाला कौन है जिन्हें पर्यवेक्षण करना चाहिए उन्हें पत्रकार समालोचक नहीं दुश्मन नजर आते है ऐसे में व्यवस्था में सुधार नहीं सिर्फ बेहतर काम करने की ढकोसले बाजी हो सकती है ताजा मामला सराय अकिल थाना क्षेत्र के भखन्दा गांव में अनिल कुमार सिंह पुत्र अर्जुन सिंह की 13 मार्च को सराय अकिल से दिन दहाड़े अपहरण के बाद हत्या का है धमकी देकर हत्या किए जाने का ऑडियो शोसल मीडिया में वायरल हो रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने मृतक के शरीर में 8 स्थानों पर गंभीर चोट की पुष्टि करते हुए हत्या की मुहर लगा दी है नामजद मुकदमा दर्ज हो गया हैं लेकिन खुलेआम हत्यारे घूम रहे हैं फिर भी पुलिस अपहरण के बाद हत्या की घटना का खुलासा नहीं कर रही है जिससे पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठना लाजमी है शायद इसी वजह से अब तक दर्जनों बड़ी घटनाओं का खुलासा नहीं हो सका अगर पुलिस अपराधों के खुलासे में गंभीर होती तो हत्यारों को जेल भेजती कौशांबी में पुलिसिंग व्यवस्था अलग उद्देश्य से घूमती नजर आती है खाकी की कृपा से अपराधी गुलजार हो रहे हैं हत्यारों को क्लीन चिट देने के जुगाड़ में लगी पुलिस नियम कानून बता रही है जिससे वह अपनी मानसिकता प्रदर्शित कर रही है। सराय अकिल थाना क्षेत्र के भखन्दा गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र अर्जुन सिंह का अपहरण करने के बाद उसकी बहन लक्ष्मी देवी के मोबाइल फोन पर अपराधियों ने खुलेआम धमकी देकर ललकारा कि शाम तक तुम्हें बैड न्यूज मिल जाएगी और हमें गुड न्यूज मिल जाएगी बताते चलें कि उसके गांव की लड़की अपने ननिहाल में म्योहरिया में रह कर इलाहाबाद में पढ़ाई करती है उसका कई वर्षों से अनिल से प्रेम प्रसंग चल रहा था यह बात प्रेमिका के घर वालों को नागवार गुजरी अनिल को योजनाबद्ध तरीके से रास्ते से हटाने की रणनीति बनाई गई अनिल जीविकोपार्जन के लिए अहमदाबाद में रहता था लेकिन इस समय वह गांव वापस लौटा था कुछ दिन घर में रहने के बाद अनिल ने अहमदाबाद जाने की तैयारी की थी 13 मार्च को उसका एक साथी उसे बाइक से रेलवे स्टेशन इलाहाबाद छोड़ने जा रहा था इस बात की भनक प्रेमिका के घर वालों को लग गई अनिल के अहमदाबाद जाने की भनक जैसे प्रेमिका को घर वालों को लगी आधा दर्जन से अधिक लोग लग्जरी वाहन में सराय अकिल कस्बा पहुंच गए और अहमदाबाद के लिए निकले अनिल को उसकी प्रेमिका से बात कराने के बाद बलपूर्वक सराय अकिल कस्बे से लग्जरी वाहन में उसे बैठा कर वापस ले आए उसके बाद अनिल के परिजनों को फोन करके बैड न्यूज की धमकी दिया यह ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है ऑनर किलिंग की घटना में सरकार ने कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया है लेकिन फिर भी पुलिस इस मामले में अपनी मानसिकता प्रदर्शित कर रही है तमाम साक्ष्य उजागर होने के बाद कानून का हवाला देकर हत्यारों को क्लीन चिट देने के जुगाड़ में लगी योगी की पुलिस नियम कानून बता रही है पुलिस की इसी मानसिकता के चलते अपराधियों को लगता कि हत्या करो शव ठिकाने लगा दो यहां की पुलिस खुलासा न करना पड़े इसके लिए स्वयं आत्महत्या बताने में ऊर्जा लगा देती है एफ आई आर लिख कर फोटो खिंचवा कर खुद अपनी पीठ पुलिस थपथपा लेती है जिससे खाकी की कृपा से अपराधी गुलजार हो रहे हैं।

# पत्रकारों ने मनाई सौहार्दपूर्ण होली

**चरवा थाने के पास आयोजित हुई होली, पत्रकारों ने एक दूसरे से खेला गुलाल**



होली मिलन में उपस्थित पत्रकार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के विभिन्न हिस्सों में पत्रकारों ने गुरुवार को होली खेली। एक दूसरे पर गुलाल व रंग डालकर गले मिल होली पर्व की बधाईयां दी। इस दौरान पत्रकारों के संग होली खेल उन्हें होली पर्व की बधाई दिया। इस मौके पर पत्रकार हीरालाल कुशवाहा,अनूप केशरवानी, मिश्रीलाल, गणेश साहू, श्रीकांत यादव, अमित विश्वकर्मा, चंद्रभान, मनजीत यादव, मुनीमजी, व अन्य तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संपादकीय

# हिजाब पर कोर्ट का फैसला

**कर्नाटक** उच्च न्यायालय ने इस मामले की सुनवाई पूरी की। उसने शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायालय ने अपना फैसला सुनाते वक्त टिप्पणी की कि हिजाब कोई धार्मिक प्रतीक नहीं है। हिजाब पहनना जरूरी नहीं है। उल्लेखनीय है कि उडुपी के एक प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज की छात्राओं के एक समूह की कक्षाओं में उन्हें हिजाब पहनने देने की मांग से तब एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया था जब इसके विरोध में कुछ हिंदू विद्यार्थी भगवा शॉल पहनकर पहुंच गए थे। जबकि सरकार वर्दी संबंधी नियम पर अड़ी रही। उसका कहना था कि कॉलेज का एक ड्रेस कोड है, उसका कॉलेज में पालन करना होगा। यह मुद्दा राज्य के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों में फैल गया। कई जगह प्रदर्शन हुए। कर्नाटक में तो मामले को तूल पकड़ते देख स्कूल कॉलेज तक बंद करने पड़े।

हिजाब मामले की सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी, न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित एवं न्यायमूर्ति जेएम काजी की पीठ गठित की गयी। याचिका दायर करने वाली लड़कियों ने अनुरोध किया था कि उन्हें कक्षाओं में स्कूली वर्दी के साथ-साथ हिजाब पहनने की अनुमति दी जाए क्योंकि यह उनकी धार्मिक आस्था का हिस्सा है। माना जाता है कि कुछ तत्व हैं जो हिजाब, नागरिकता संशोधन विधेयक या अन्य मुद्दों को लेकर सरकार के सामने समस्याएं बनाए रखना चाहते हैं। हिजाब का मुद्दा तब आया तब पांच राज्यों में चुनाव चल रहा था। हिजाब का मामला जैसे ही सामने आया, देश भर में प्रदर्शन होने लगे। इससे लगा कि ये विवाद जानकर पैदा किया जा रहा है ताकि चुनाव वाले राज्यों में इसका लाभ लिया जा सके। सरकार के विरुद्ध मुस्लिमों को एकजुट किया जा सके।

आज दुनिया भर में मुस्लिम महिलाएं पर्दे का विरोध करती रही हैं। ये इससे निकल कर खुले आकाश में सांस लेना चाहती हैं। चाहती हैं कि उन्हें पर्दे से आजादी मिले। सानिया मिर्जा के शुरू के खेल के समय उसके द्वारा पहनी जाने वाली ड्रेस पर भी कुछ कट्टरपंथियों ने आवाज उठाई थी। उस समय सानिया ने कहा था कि मेरा खेल देखिए ड्रेस नहीं। दूसरे पूरे शरीर को ढंककर खेल हो भी नहीं सकते। अभी हाल में अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार आई। वहां की युवती और महिलाओं से पूछो कि क्या वह इसे स्वीकार करती हैं। अफगानिस्तान में अमेरिकी दखल के बाद वहां की युवतियों के लिए खुले स्कूल, कॉलेज के द्वार उनके लिए बंद हो गए। अब तक वह कहीं भी आ जा सकती थीं। वे अब तक नौकरी कर रहीं थीं। अपने व्यवसाय में लगीं थीं। तालिबान के आने के बाद उनका वह सब छिन गया। आज वे घरों में कैद होकर रह गई हैं। हिजाब पहनने की बात कर रही हैं। उधर बड़ी तादाद में यूरोप की तर्ज पर युवतियों द्वारा कपड़ों का साइज घटाने की मांग होती रही है। भारत में युवतियां चाहती हैं कि वह जो चाहें, वह पहनें। इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। कुछ लोगों को छोड़ सभी चाहते हैं और मानते हैं कि युवतियां अपनी मर्जी के वस्त्र पहनें और आगे बढ़ें।

# हिजाब पर फैसले में बाबा साहेब की राय कितनी अहम

**आर.के. सिन्हा**

बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर किसी गंभीर और संवेदनशील मसले पर भी अपनी राय बेबाकी से ही रखते थे। उनकी मुस्लिम समाज की औरतों के हिजाब और बुर्का पहनने पर प्रगट किये गए सार्वजनिक विचार 75 साल बाद भी समीचीन और स्पष्ट हैं। इसलिए कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य के स्कूलों में हिजाब पहनने या ना पहनने को लेकर चल रही बहस पर अपना फैसला सुनाते हुए बाबा साहेब के विचारों का भी विस्तार से हवाला दिया। बाबा साहब ने अपनी मशहूर किताब पाकिस्तान ओर द पार्टिशन ऑफ इंडिया (1945) में लिखा था, 'एक मुस्लिम महिला सिर्फ अपने बेटे, भाई, पिता, चाचा, ताऊ और शौहर को देख सकती है या फिर अपने वैसे रिश्तेदारों को जिन पर विश्वास किया जा सकता है। वो मस्जिद में नमाज अदा करने तक नहीं जा सकतीं। मुसलमानों में भी हिंदुओं की तरह और कई जगह तो उनसे भी ज्यादा सामाजिक बुराइयां हैं। उन्होंने एक तरह से पर्दा प्रथा का खुलकर विरोध किया था। हैरानी इसलिए हो रही है कि जो मुस्लिम नेता देश में मुसलमान और दलितों के बीच सियासी तालमेल बनाने की हर वक्त वकालत करते हैं, वे हिजाब के मसले पर बाबा साहेब के विचारों को या तो जानते नहीं या फिर जानकर भी अनजान बने हुए हैं। अब एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को ही लें। आप गूगल करके देख सकते हैं कि वे बार-बार दलित-मुस्लिम एकता का आान करते हैं। वहीं, ओवैसी हिजाब विवाद पर कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले का पुरजोर तरीके से विरोध भी कर रहे हैं। वे इससे पहले भी तीन तलाक और अयोध्या मामले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध कर चुके हैं। इसके बावजूद वे संविधान और दलित-मुसलमान गठबंधन पर प्रवचन देते रहते हैं। क्या उन्हें मालूम नहीं है कि भारत के संविधान को तैयार करने में बाबा साहेब की क्या भूमिका थी? क्या उन्हें पता है कि हिजाब जैसी कुप्रथा पर बाबा साहेब की राय किस तरह की थी? कहने का अर्थ यह है कि ओवैसी जैसे नेता जो मुसलमानों की राजनीति करते हैं, वे अपनी कौम के साथ-साथ दलितों को भी छलने का काम करते हैं। ये किसी के भी सगे नहीं हैं। ये जान लें कि आज का दलित समाज जाग चुका है। वे बाबा साहेब जैसे रोशन ख्याल नेता को अपना आदर्श मानते हैं। ओवैसी और उनके जैसे मुसलमान नेता



**कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले के बाद एक और गंभीर बात सुनने में आ रही है कि कुछ मुसलमान नेता अंदर ही अंदर अपनी कौम के बीच में यह आान कर रहे हैं कि वे अपनी बेटियों को सरकारी स्कूलों-कॉलेजों से निकाल कर उन शिक्षण संस्थानों में दाखिला दिलवा दें**

यह भी जान लें कि हाल के उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में दलित उसी भाजपा के साथ खड़े थे जिसने उनके बारे में सही ढंग से सोचा और किया भी। आगरा को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की दलित सियासत का किला समझा जाता था। वहां की सभी सात विधानसभा सीटों पर भाजपा को विजय मिली है। इस चुनाव ने उस गलतफहमी को ध्वस्त कर दिया है कि प्रदेश में बसपा की सरकार बने या नहीं बने, लेकिन उसका वोटबैंक तो बना रहेगा एकबार मूल विषय पर लौटूंगा। कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले के बाद एक और गंभीर बात सुनने में आ रही है कि कुछ मुसलमान नेता अंदर ही अंदर अपनी कौम के बीच में यह आान कर रहे हैं कि वे अपनी बेटियों को सरकारी स्कूलों-कॉलेजों से निकाल कर उन शिक्षण संस्थानों में दाखिला दिलवा दें, जिनका प्रबंधन मुसलमानों के हाथों में है। यह एक बेहद गंभीर और खतरनाक पहल है। इस खुराफात के पीछे जिन शातिर लोगों का दिमाग चल रहा है, जाहिर है कि उन्हें मुसलमान जल्दी ही पहचान लेंगे। इस तरह के देश विरोधी तत्वों को तुरंत बेनकाब करना होगा। क्या इन्हें मालूम नहीं कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अंतर्गत चलने वाले स्कूलों-कॉलेजों की फीस और जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी की फीस में कितना अंतर है? जामिया मिल्लिया इस्लामिया सरकारी यूनिवर्सिटी है और जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी प्राइवेट। स्पष्ट कर दें कि जामिया हमदर्द को भी सरकार की तरफ से खासी मदद मिलती है। फिर भी उसकी फीस कई गुना ज्यादा है। यह तो बस एक उदाहरण था। खैर, कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा है कि इस्लाम में हिजाब पहनना कतई अनिवार्य नहीं है। स्कूलों-कॉलेजों में छात्र यूनिफॉर्म पहनने से मना नहीं कर सकते हैं। देखिए भारत में कोई यह नहीं कह रहा है कि आप हिजाब मत पहनिए। लेकिन, हरेक शिक्षण संस्थान की अपनी एक मयार्दा है। उसकी एक वेशभूषा है। क्या आप उसे भी नहीं मानेंगे? पड़ोसी देश श्रीलंका में कुछ साल पहले हुए दिल-दहलाने वाले बम धमाकों के बाद सरकार ने बुर्का पहनने पर रोक लगा दी थी। इस्लामिक देश मोरक्को बुर्का पर प्रतिबंध लगा चुका है। जाहिर है कि यदि वहां की सरकार ने बुर्के पर रोक लगाई है तो उसकी तरफ से यह कदम बहुत सोच-विचार के बाद ही लिया गया होगा। इस्लाम को बुर्का प्रथा से जोड़ना कतई सही नहीं है। फ्रांस भी बुर्का और हिजाब पर पहले ही रोक लगा चुका है। फ्रांस में मुसलमानों की आबादी का हिस्सा 9 फीसदी है। ये अधिकतर उत्तरी अफ्रीकी मूल के हैं, जहां अल्जीरिया, मोरक्को या ट्यूनीशिया में पहले फ्रांसीसी उपनिवेश हुआ करते थे। फ्रांस में धार्मिक आधार पर कतई भेदभाव नहीं होता, यह बात आप फ्रांस की फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों के नामों को पढ़कर समझ सकते हैं। लेकिन वहां अंधकार युग के चिह्नों को स्वीकार नहीं किया जाता। मुसलमानों को यह समझना होगा कि उन्हें अकारण दलदल में रखने की चेष्टा उन्हीं के ओवैसी जैसे कथित रहनुमा करते रहते हैं। उन्हें धार्मिक मसलों में फंसाए रखने की कोशिशें भी निरंतर चलती रहती हैं। वे जब तक अपने इन बदबूदार नेताओं से दूरी नहीं बनाएंगे इनका कल्याण नहीं होगा। याद कीजिए कि यही मुसलमानों में ट्रिपल तलाक और हलाला की परम्परा को बनाए और बचाए रखने के लिए लड़ते रहे हैं। इनकी घनघोर महिला विरोधी सोच को जहां से भी चुनौती मिलती है, वे अनाप-शनाप बकने लगते हैं। इस सारी बहस का बेहद कड़वा सच यह भी है कि मुसलमानों का शिक्षित मध्यवर्ग भी हिजाब, बुर्का, ट्रिपल तलाक को खत्म करने को लेकर दिल से चाहते हुए भी खुलकर सामने नहीं आता। अपने को मुसलमानों का शुभचिंतक बताने वाली तीस्ता सीतलवाड़ भी सामने नहीं आतीं हैं। वे तमाम लेखक और कैंडल मार्च निकालने वाले बुद्धिजीवी दीन-हीन मुसलमान औरतें का साथ देने के लिए तैयार नहीं हैं। लेकिन भारत तो उस संविधान के अनुसार ही चलेगा, जिस पर उदारवादी बाबा साहेब की अमिट छाप है।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद हैं।)**

# बुद्धिमत्तापूर्ण शिक्षा के लिए चेतना की आवश्यकता न शरीर के लिए है, न मशीन के लिए

**राजीव मल्होत्रा**

**एआई** यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक चेतन जीव की भांति दशार्ने वाली विज्ञान की काल्पनिक कथाओं ने एआई से सम्बंधित लोकप्रिय भ्रांतियों को हवा दी है। उसने आने वाली एआई क्रांति को महत्वहीन बनाकर हानिकारक काम किया है। ऊटपटांग आख्यानों ने मशीनों की चेतना से जुड़ी सजीव अटकलों और बहस को जन्म दिया है। लोग प्रायः बुद्धिमत्ता और चैतन्यता के बीच में भ्रमित हो जाते हैं। वहीं बुद्धिमत्ता कई रूपों में विद्यमान है और वह चेतन या अचेतन दोनों ही रूपों में हो सकती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आर्टिफिशियल कॉन्शियसनेस (कृत्रिम चेतना) अत्यंत भिन्न हैं। एक बुद्धिमत्तापूर्ण प्रणाली अचेतन भी हो सकती है। वहीं चेतन प्रणाली भी बिना बुद्धि के हो सकती है। जब एक ट्रक चालक की नौकरी किसी बिना चालक वाले वाहन को मिल जाएगी, तब इस बात का कोई महत्व नहीं रहेगा कि उस वाहन में चेतना है या नहीं। महत्व तो मात्र इस तथ्य का है कि मशीनें मनुष्यों की नौकरियां छीन सकती हैं, क्योंकि मशीनें उस काम को मनुष्यों से बेहतर और कम खर्च में ही पूर्ण कर सकती हैं। हम जानते हैं कि घोड़ों में चेतना होती है जबकि वाहनों में नहीं होती है किंतु इस अंतर ने वाहनों को उनसे अच्छा कार्य करने से नहीं रोका। बिना चालक की कार और ट्रक के आने से वर्तमान मोटरगाड़ियां और इनके उद्योग भी अप्रचलित हो जाएंगे। इसी तरह कम्प्यूटर एक्स-रे का विश्लेषण कर सकते हैं। अन्य चिकित्सकीय निदान भी निपुणता से करने में



सक्षम हैं। ऐसे में इसका स्वास्थ्य सेवा से कोई लेना-देना नहीं कि मशीनें सचेत हैं या नहीं। वे व्यक्ति जो किसी संवाद के समय भागीदार होते हैं, उन्हें व्याकरण में पुरुष कहा जाता है। उत्तम पुरुष वाले वाक्यों में व्यक्ति अपने बारे में कुछ चर्चा करता है और अहम् भाव को प्रकट करता है। इस ह्यमैंह्ल को अनुभव करने की क्षमता को चेतना कहते हैं। मध्यम पुरुष वाले वाक्य वे होते हैं जो किसी श्रोता या हमारी बात सुनने वाले को सम्बोधित करते हैं। वे पारस्परिक होते हैं और सामने उपस्थित व्यक्तिओं को सम्बोधित करते हैं। अन्य पुरुष वाले वाक्य वे होते हैं जो किसी ऐसे वस्तु या व्यक्ति की ओर संकेत करते हैं, जो दो लोगों की आपसी चर्चा का विषय है। ये ह्यवहह्ल या ह्यवेह्ल जैसे सर्वनामों का उपयोग करते हैं। जिसकी चर्चा हो रही है, वह विषय कोई व्यक्ति, अचेतन वस्तु या कोई निराकार विचार भी हो सकता है। एक ऐसी सत्ता जिसमें मध्यम पुरुष और अन्य पुरुष को जानने की क्षमता तो है, परंतु जिसे उत्तम पुरुष यानी स्वयं का बोध नहीं है, उसे फिलोसोफिकल जोम्बी या पी-जोम्बी कहा जाता है।

एक व्यक्ति के रूप में हम जानते हैं कि हम पी-जोम्बी नहीं हैं, लेकिन हमारे पास यह सुनिश्चित करने का कोई मार्ग नहीं है कि कोई अन्य व्यक्ति पी-जोम्बी है या नहीं। मनुष्यों के पास किसी अन्य व्यक्ति के आंतरिक अस्तित्व में झांकने का कोई रास्ता नहीं है। हम यह निश्चित रूप से तय नहीं कर सकते कि कोई अन्य व्यक्ति वास्तव में चेतन है या फिर केवल चेतन होने का दिखावा करने वाला रोबोट है। पी-जोम्बीज और सामान्य मनुष्यों में फर्क कर पाना संभव नहीं है। यदि किसी पी-जोम्बी पर प्रहार किया जाए तो उसे किसी भी प्रकार के दुःख का अनुभव नहीं होगा, किन्तु वह बाह्य रूप से ऐसा स्वांग करेगा जैसे कि उसको पीड़ा हुई है। शुद्ध व्यावहारिक दृष्टि से देखें तो किसी व्यक्ति या वस्तु की उत्तम पुरुष की दृष्टि से कार्य कर पाने की क्षमता या अक्षमता अन्य लोगों के लिए कोई महत्व नहीं रखती। मानव बुद्धि आंशिक रूप से सचेत और जड़ मानी जा सकती है। शरीर में सदैव चलने वाली बहुत-सी शारीरिक क्रियाओं का भान नहीं होता है, यद्यपि ये क्रियाएं अत्यधिक जटिल और बुद्धिमत्तापूर्ण हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि ये प्रक्रियाएं स्वयं भी आत्म-जागरूक नहीं हैं। इसी तरह, हम अपने मस्तिष्क के भी बड़े हिस्से से अनजान हैं, जहां बुद्धिमत्ता से जुड़ी प्रक्रियाएं बिना आत्म-चेतना के हर समय चलती रहती हैं। हमारा शरीर भी मशीन-लर्निंग के ही समान अपने अनुभवों और उन पर आधारित आंकलनों से सीखता है। एआई की अन्य पुरुष वाली क्षमताएं उसको जटिल एल्गोरिदम चलाने में समर्थ बनाती हैं। मध्यम पुरुष वाली क्षमताएं मनुष्यों के साथ व्यवहार करने की सामर्थ्य देती हैं। पर अपना कार्य करने के लिए उसे उत्तम पुरुष की आत्म-चेतना की जरूरत नहीं है।

# कश्मीरी पंडित: असहनीय दु:ख पीढ़ियों तक मवाद बनकर बहता है....

**नवनीत**

**सही** है, इतिहास भी बताता है कि कश्मीर के महाराजा हरिसिंह के स्वभाव में अनिर्णय और असमंजस का भारी दोष था। शेख अब्दुल्ला ने इसका भरपूर फायदा उठाया। पहले कौमी आंदोलन और बाद में महाराजा कश्मीर छोड़ो आंदोलन के जरिए। गोपाल स्वामी अय्यंगार और मेहरचंद महाजन जैसे कुशल प्रशासक भी शेख के आंदोलन के वेग को रोक न पाए। कश्मीरी पंडितों ने कौमी फसाद का दंश झेला है जो एक सच है। कहा जा सकता है कि इस सच से भी बड़ा है उनका दुःख। दरअसल, आतंकवादी जो कश्मीरी पंडितों के पड़ोसी, छात्र और दोस्त थे, उन्हीं ने अपने पड़ोसियों, टीचर्स और दोस्तों का सब कुछ कत्ल कर दिया। पड़ोस में रहकर उन आतंकियों ने इतना तो समझ ही लिया था कि यहां अपना राज स्थापित करने के लिए पंडितों के सारतत्व, उनकी आत्मा को कुचलना होगा। सारतत्व यानी पंडितों के देवी और देवता, जिनकी वे पूजा करते थे। मंदिर और मूर्तियां, जिनमें वे देवी-देवता प्रतिष्ठित थे। धर्मग्रंथ, जिन्हें वे पवित्र मानते थे और उनकी बहू-बेटियां, जिनकी इज्जत की जान देकर भी वे रक्षा करना चाहते थे। यही वो वजह है जिसके कारण आज द कश्मीर फाइल्स की सर्वाधिक चर्चा हो रही है। और अब तो दौर ही ऐसा है कि देश का हर हिंदू उन कश्मीरी पंडितों के दर्द को अपना दर्द समझ रहा है। दरअसल, सत्ता या सरकार में बैठे लोग जब आम आदमी का दर्द नहीं समझते, तो वो इसका इलाज किसी दुःखभरी फि ल्म या दास्तान या कहानी में ढूंढते हैं। वही आज हो रहा है। बात केवल कश्मीरी पंडितों की नहीं है, विभाजन के वक्त भी लोगों ने यही सबकुछ देखा था और भोगा था। खासकर पंजाबी, सिंधी और पूरे समाज ने विभाजन के दंश को झेला था। उनकी बहू-बेटियों को वे उठा ले गए थे। उनके खेत-खलिहान मुंह बाए अपने मालिकों की राह तकते रहे। उनके भरे-भराए घर पीछे छूट गए। वे खेत जो कभी मकई के भुट्टों और गेहूं की बालियों से महकते थे, खून से लथपथ पड़े थे। उनकी गाएं अपने खूंटों से बंधी रंभाती रहीं।ह्व पर कोई नहीं आया। उनका दर्द बांटने। उनके हालात जानने। क्या कोई सरकार, क्या सरकार में बैठा कोई व्यक्ति इतना निष्ठुर हो सकता है? लोगों ने जो मंजर देखा, वह कभी न खत्म होने वाली कहानी की तरह था। फसाद फड़फड़ा रहा था। लोग रातोरात भागते और गांवों, शहरों की सीमा पर मारे जाते। वे बीसियों कोस चलते रहने के बाद मरे हुए मिलते। पहाड़ जैसा दुःख और उसे बांटने के लिए कोई नहीं! आंसू तो निकलेंगे ही। पीढ़ियों बाद ही सही। दुःख तो दुःख है। उसकी भला कौन-सी दवा होती है? पिंजर की पगली को ही पढ़ लीजिए! पगली इतनी भयानक थी कि उसके गली में आते ही स्त्रियां दौड़कर अपने बच्चे छिपा लेती थीं। बालों की उलझी हुई, धूल सनी लटों से जान पड़ता था जैसे जब से जन्मी, वो नहाई नहीं थी। सूखे हुए, जले हुए शरीर से उसकी आयु का अनुमान लगाना मुश्किल था। बस, हाड़-मांस का एक जीता-जागता पुतला था। जुनून देखिए कि उस पुतले से भी किसी ने दुश्मनी निकाली। पगली को गर्भवती बना दिया गया। मांस का एक लोथड़ा भर था, जिसे अपनी भी सुध नहीं थी केवल हड्डियों का ढांचा गिद्धों ने उसे भी नोंच-नोंचकर खा लिया सोच-सोचकर स्त्रियां थक जातीं। एक दिन गांव बाहर पगली एक बच्चे को जन्म देकर मर गई। पूरो उस बच्चे को अपना बच्चा मानकर पालने लगी। जूनून की हद देखिए कि जिस समाज ने उस पागल ढांचे को पशुता की भी हद करते हुए गर्भवती बना दिया था, वही धर्म का ठेकेदार बनकर सामने आया और दूसरी कौम की महिला पूरो से वह बच्चा छीन ले गई। जिस पूरो ने जीरा फांक-फांककर अपनी नसों में दूध उतारा था, वही पूरो बच्चे के लिए बिलखती रही, पर किसी ने एक नहीं सुनी। दुःख यह होता है और इसीलिए पीढ़ी-दर-पीढ़ी रेंगता रहता है। तीस बरस में कश्मीरी पंडितों के दुःख पर कई फि ल्में बनी हैं। लेकिन कभी इतनी चर्चा, इतनी बहस नहीं हुई। अब हो रही है तो इसमें कोई हर्ज भी नहीं है।

# ना बंधन ना गठबंधन बुलडोजर वाले बाबा का यूपी की जनता ने किया अभिनंदन

**दीपक कुमार त्यागी**

**देश** के पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणाम 10 मार्च को आ चुकें है, इन चुनाव परिणामों में भाजपा ने चार राज्यों में एकबार फिर ऐतिहासिक जीत हासिल करके अपना जलवा कायम रखा है। वैसे देखा जाए तो पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान राजनीति में रुचि रखने वाली देश की अधिकांश जनता कि निगाहें हर पल उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों पर ही लगी हुई थी। देश विदेश के अधिकांश राजनीतिक विश्लेषकों व कुछ लोगों का यह मानना था कि उत्तर प्रदेश के चुनावों में कोरोना काल की ज्वलंत समस्याओं, रोजी-रोटी, लंबे समय तक चले किसानों के आंदोलन का बहुत ही व्यापक असर योगी सरकार के विरोध में देखने को अवश्य मिलेगा। लेकिन 10 मार्च को उत्तर प्रदेश में जब चुनाव परिणाम आए तो योगी ने प्रचंड बहुमत 255 सीटों के साथ चुनावों में विजय हासिल करके बहुत सारे राजनीतिक विश्लेषकों को आश्चर्यचकित करने का कार्य कर दिया है। हालांकि जो




लोग धरातल पर जाकर पूरे चुनावी घमासान को नजदीक से देख रहे थे उनके सामने यह स्पष्ट था कि अबकी बार उत्तर प्रदेश में योगी एक बहुत बड़े ब्रांड के रूप में बनकर उभर रहे हैं, लोगों का एक बहुत बड़ा वर्ग उन्हीं के नाम से प्रभावित होकर जाति-धर्म व दलगत राजनीति के बैरियर तोड़कर भाजपा को वोट करने का कार्य कर रहा है, क्योंकि इस बार जन अदालत में बुलडोजर वाले बाबा के नाम से मशहूर हो चुके योगी आदित्यनाथ के प्रति जबरदस्त रूप से दिवानगी देखने को मिली है, योगी की बेहद ईमानदार मेहनती सख्त प्रशासक की छवि, अपराधियों के प्रति सख्त कार्यवाही करने की उनकी कार्यशैली ने मतदाताओं के एक बड़े वर्ग को बेहद आकर्षित करने का कार्य किया है। जिससे चुनावी रणभूमि में भाजपा से नाराज होने वाले मतदाताओं की बड़ी भरपाई धरातल पर हुई है। हालांकि किसी भी स्तर के चुनावों में विजय ईमानदारी से सामुहिक सहयोग के बलबूते ही संभव है, उसी ने 37 वर्ष के बहुत लंबे अरसे बाद उत्तर प्रदेश में लगातार दोबारा फिर से किसी पार्टी की सरकार को बनने का अवसर प्रदान किया है। वैसे उत्तर प्रदेश में जिस तरह से योगी आदित्यनाथ ने चुनावी रणभूमि में दिन-रात एक करके मेहनत की वह बेहद काबिले तारीफ है। भाजपाइयों के लिए उत्तर प्रदेश के चुनावों में भाजपा की जीत योगी की उस मेहनत का ही एक सकारात्मक सुखद परिणाम है, जिसका आनंद आज पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता व छोटे-बड़े नेता लेने का कार्य कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के चुनाव परिणामों के द्वारा बहुत सारे लोगों को आश्चर्यचकित करने वाली भाजपा की विजय का श्रेय सबसे अधिक योगी आदित्यनाथ को ही जाता है, क्योंकि उत्तर प्रदेश की आम जनता के बीच इस बार योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली पक्ष व विपक्ष दोनों तरफ एक बहुत बड़ा चुनावी मुद्दा बन गयी थी, कहीं ना कहीं उत्तर प्रदेश का पूरा चुनाव योगी आदित्यनाथ की छवि के इर्द-गिर्द ही लड़ा गया था, उत्तर प्रदेश के मतदाताओं के एक बहुत बड़े वर्ग ने भी उनकी फायरब्रांड बुलडोजर वाले बाबा वाली छवि के चलते ही भाजपा को वोट देकर जिताने का कार्य किया है।


भाजपा को चुनाव रण में वर्ष 2022 की सबसे बड़ी चुनावी जीत योगी के चेहरे की ही देन है। जनता की ताकत के बलबूते योगी आदित्यनाथ को पुनः प्रदेश की कमान संभालने के लिए प्रचंड बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश में पुनः भाजपा की सत्ता में वापसी का मार्ग प्रशस्त किया है।

# खेल संदेश

## आईएसएल : खिताबी मुकाबले में हैदराबाद का सामना केरला ब्लास्टर्स एफसी से

**गोवा।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 के खिताबी मुकाबले में 20 मार्च को हैदराबाद एफसी का सामना केरला ब्लास्टर्स एफसी से होगा। हैदराबाद लीग के इतिहास में पहली बार फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भले ही हैदराबाद बुधवार को आईएसएल के दूसरे सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 0-1 से एटीके मोहन बगान के हाथों हार गई। लेकिन हैदराबाद एग्रीगेड गोल्स के आधार पर 3-2 से फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही क्योंकि उसने दो चरणों वाले सेमीफाइनल के पहले मैच में बगान को 3-1 से हराया था और यही स्कोर दोनों टीमों के बीच निर्णायक साबित हुआ। बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में स्पेनिश कोच हुआन फेरांडो ने लगातार हमलें बोलने की रणनीति के साथ ग्रीन एंड मरून ब्रिगेड को उतारा। पहले हाफ में गोल नहीं होते देखते हुए उन्होंने अपने सभी डिफेंसिव खिलाड़ियों सेंटर-बैक संदेश झिंगन और डिफेंसिव मिडफील्डर कार्ल मैग्यू को हटा करके आक्रामक खिलाड़ियों को मैदान पर जरूर उतारा। लेकिन उनके तमाम मंसूबों के सामने गोलकीपर लक्ष्मीकांत कट्टीमनी अडिग दीवार बनकर सामने आए गए। हैदराबाद के गोलची ने बगान के ज्यादातर हमलों का सफलतापूर्वक बचाव किया और इस कारण उन्हें हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया। मैच का एकमात्र 79वें मिनट में आया, जब फिजियन स्ट्राइकर रॉय कृष्णा ने गातिरोध तोड़ते हुए मोहन बगान को 1-0 से आगे कर दिया। बाएं छोर से बने तेज-तर्रार हमले में विंगर लिस्टन कोलासो हाफ-लाइन से अपनी तेज गति के साथ गेंद लेकर डी-बॉक्स में घुसे और फिर उन्होंने क्रॉस डाला, जिसे भारतीय मूल के स्ट्राइकर ने सेकेंड पोस्ट की तरफ दौड़ लगाते हुए दाहिने पैर से गोलजाल की दिशा दिखा दी और इस बार गोलकीपर लक्ष्मीकांत कट्टीमनी के पास बचाव को कोई अवसर नहीं था।

## आईएसएल : जमशेदपुर से ड्रा खेलकर केरला पहुंची फाइनल में



**गोवा।** केरला ब्लास्टर्स एफसी बेहतर गोल औसत के आधार पर हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 के फाइनल में पहुंच गई है। मंगलवार रात वास्को डे गामा स्थित तिलक मैदान स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल के दूसरे चरण में केरला ने जमशेदपुर एफसी को 1-1 के ड्रा पर रोक दिया। इस कारण केरला के पक्ष में दो चरणों वाले सेमीफाइल का औसत 2-1 रहा और कोच ओवेन कोयल की लीग शील्ड विजेता टीम अपने पहले फाइनल के करीब पहुंचकर भी दूर रह गई। मुकाबले में केरला के लिए गोल दगाने वाले कप्तान एड्रियन लुना को हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया। कोच इवान वुकोमैनोविच की टीम केरला के फाइनल में पहुंचने की वजह बना सहल अब्दुल समद का गोल। भले ही समाद आज के मुकाबले में नहीं खेले, लेकिन उन्होंने शुक्रवार को खेले गए दो चरणों वाले सेमीफाइनल के पहले मैच में गोल करके केरला को लीग शील्ड विजेता जमशेदपुर पर 1-0 से जीत दिलाई थी। बहरहाल, मैच में पहला गोल 18वें मिनट में आया, जब कप्तान एड्रियन लुना ने केरला ब्लास्टर्स को 1-0 की शुरूआती बढ़त पर ला दिया। 50वें मिनट में प्रणय हल्दर ने हैडर से गोल करके जमशेदपुर को 1-1 की बराबरी पर ला दिया और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट पदार्पण करेंगे साकिब महमूद



**ब्रिजटाउन।** लंकाशायर के तेज गेंदबाज साकिब महमूद बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी मैच में इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे।

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा की और एंटीगुआ में ड्रा हुए पहले टेस्ट से केवल एक बदलाव किया। महमूद डरहम के मार्क वुड की जगह टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे, जो दाहिनी कोहनी में चोट के कारण बाहर हैं। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच खेला गया पहला टेस्ट ड्रॉ समाप्त हुआ और अब दोनों टीमें बुधवार को दूसरे टेस्ट में आमने-सामने होंगी।

इंग्लैंड की टीम इस प्रकार है-ः एलेक्स लीज, जैक क्रॉली, जो रूट (कप्तान), डैन लॉरेंस, बेन स्टोक्स, जोनाथन बेयरस्टो, बेन फॉक्स, क्रिस वोक्स, क्रेग ओवरटन, जैक लीच, साकिब महमूद (डेब्यू)।

## 44 वें विश्व शतरंज ओलंपियाड 2022 की मेजबानी करेगा भारत



**चेन्नई,।** भारत आगामी 44 वें विश्व शतरंज ओलंपियाड 2022 की मेजबानी करेगा। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एफएआईसी) ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस टूनार्मेंट का आयोजन चेन्नई में किया जाएगा।

एआईसीएफ ने ट्वीट किया, "यह अब आधिकारिक है ... भारत चेन्नई में 44 वें विश्व शतरंज ओलंपियाड 2022 की मेजबानी करेगा !!" अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फीडे) द्वारा शतरंज ओलंपियाड और अन्य सभी आधिकारिक प्रतियोगिताओं को यूक्रेन पर अपने सैन्य अभियानों के कारण रूस से दूर ले जाने के बाद भारत ने टूनार्मेंट की मेजबानी करने के लिए बोली लगाई थी। शतरंज ओलंपियाड 2022, 26 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाला था। इस बीच, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताई और इसे 'गर्व का क्षण' बताया। स्टालिन ने ट्वीट किया, "खुशी है कि भारत की शतरंज राजधानी 44वें शतरंज ओलंपियाड की मेजबानी करने के लिए तैयार है! तमिलनाडु के लिए गर्व का क्षण! चेन्नई दुनिया भर के सभी किंग्स और क्वीन्स का गर्मजोशी से स्वागत करता है!" विश्वनाथन आनंद और मैग्नस कार्लसन के बीच 2013 में चेन्नई में विश्व चैंपियनशिप मैच के बाद 44वां शतरंज ओलंपियाड 2022 देश में आयोजित होने वाला दूसरा बड़ा विश्व आयोजन होगा।

# पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व है : पैट कमिंस




**कराची।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उन्हें कराची में पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने 196 रनों की असाधारण पारी खेली। पाकिस्तान कराची में दूसरे टेस्ट के अंतिम दिन 171.4 ओवरों तक बल्लेबाजी करने के बाद मैच को ड्रा कराने में सफल रहा। दूसरा टेस्ट मैच, पांचवें और अंतिम दिन, अंतिम ओवर तक गया, जहां पाकिस्तान मोहम्मद रिजवान के धैर्यभरी पारी के कारण मैच ड्रा कराने में सफल रहा। रिजवान ने अंत तक अपनी टीम के लिए बल्लेबाजी की।

मैच के बाद कमिंस ने कहा, " मुझे लगता है कि हमारे पास पर्याप्त ओवर थे, चौथे और पांचवें दिन भी काफी अच्छा विकेट था। हमने कुछ मौके बनाए, लेकिन हम उन्हें भुनाने में असफल रहे। स्वेपसन पदार्पण पर शानदार थे। जिस तरह से उन्होंने गेंदबाजी की, वैसा फायदा उनको नहीं मिला। नाथन अंत तक प्रभावशाली था, जैसा कि वह हमेशा 5 दिन करते हैं। एक ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए टेस्ट मैच की शुरूआत में दो दिनों से अधिक बल्लेबाजी करना शानदार रहा, मुझे लगता है कि हमने काफी लंबे समय बाद ऐसा किया है।"

बता दें कि पाकिस्तान कराची में दूसरे टेस्ट के अंतिम दिन 171.4 ओवरों तक बल्लेबाजी करने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक रोमांचक ड्रा कराने में सफल रहा। दोनों टीमें डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में चार-चार अंकों के साथ शीर्ष दो स्थानों पर बनीं हुई हैं।

# भारत को हराने के बाद थोड़ी राहत मिली :



**माउंट माउंगानुई।** इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने बुधवार को यहां बे ओवल में चल रहे आईसीसी महिला विश्व कप 2022 में भारत को हराने के बाद राहत की सांस ली। चार्ली डीन और अन्या श्रुबसोल के शानदार गेंदबाजी के बाद बेहतरीन बल्लेबाजी प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने चल रहे आईसीसी महिला विश्व कप 2022 में भारत को चार विकेट से हराया। मैच के बाद नाइट ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो थोड़ी राहत मिली। अंत में थोड़ा डर लगा, लेकिन अंततः जीत मिली। जिस तरह से हमारी फील्डिंग चल रही थी, उससे हम निराश थे। लड़कियों की मानसिकता बहुत अच्छी थी, वे वहां गई और आक्रामक थीं, यह एक आसान विकेट नहीं था।"

उन्होंने कहा, "बोर्ड पर कुछ और रन होते तो मुश्किल होता। मैं बस जल्दी से मैच खत्म करने की सोच रही थी। मैं झूलन को उनके 250 विकेट की अद्भुत उपलब्धि के लिए बधाई देना चाहती हूं। स्किवर ने एक आसान विकेट पर तेजी से रन बनाए। उसके लिए बहुत खुश हूं।।" इंग्लैंड ने भारत को 36.2 ओवर में 134 रनों पर समेट दिया और फिर 31.2 ओवर में 6 विकेट पर 136 रन बनाकर मैच जीत लिया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो दिन बल्लेबाजी करना और मैच बचाना हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि: रिजवान



**कराची।** पाकिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में दो दिन बल्लेबाजी करना और मैच बचाना उनकी टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने 196 रनों की असाधारण पारी खेली। पाकिस्तान कराची में दूसरे टेस्ट के अंतिम दिन 171.4 ओवरों तक बल्लेबाजी करने के बाद मैच को ड्रा कराने में सफल रहा। दूसरा टेस्ट मैच, पांचवें और अंतिम दिन, अंतिम ओवर तक गया, जहां पाकिस्तान मोहम्मद रिजवान के धैर्यभरी पारी के कारण मैच ड्रा कराने में सफल रहा। रिजवान ने अंत तक अपनी टीम के लिए बल्लेबाजी की।

रिजवान ने मैच के बाद कहा, "ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ टेस्ट बचाने के लिए पांच सत्रों तक बल्लेबाजी करना आसान काम नहीं था, हम सभी जानते हैं कि उनका गेंदबाजी आक्रमण कितना अच्छा है। जब मैं और बाबर बल्लेबाजी कर रहे थे, तब हमारी लक्ष्य का पीछा करने की योजना थी, लेकिन गेंद काफी पुरानी थी, इसलिए पुरानी गेंद के खिलाफ तेजी से रन बनाना काफी कठिन था। हमारे पास एक सरल योजना थी, हमें सत्र दर सत्र खेलने की जरूरत थी।" उन्होंने कहा, "निश्चित रूप से समापन चरणों की ओर दबाव था, लेकिन मैंने खुद को शांत रखने की कोशिश की। बाबर दुनिया में नंबर 1 खिलाड़ी है, इसमें कोई संदेह नहीं है।

यह सभी को पता है। एक टेस्ट बचाने के लिए दो दिनों तक बल्लेबाजी करना इतना आसान नहीं है, वह भी ऑस्ट्रेलिया जैसी अच्छी टीम के खिलाफ।" पाकिस्तान कराची में दूसरे टेस्ट के अंतिम दिन 171.4 ओवरों तक बल्लेबाजी करने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक रोमांचक ड्रा कराने में सफल रहा। दोनों टीमें डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में चार-चार अंकों के साथ शीर्ष दो स्थानों पर बनीं हुई हैं।

# मार्कस ट्रेस्कोथिक ने की जो रूट की तारीफ, कहा-कप्तान ने शानदार पारी खेली



**ब्रिजटाउन।** इंग्लैंड के बल्लेबाजी कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक ने ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार पारी के लिए कप्तान जो रूट की प्रशंसा की। पहले दिन की खेल खत्म होने पर इंग्लैंड ने 3 विकेट पर 244 रन बनाए। जो रूट 119 रन बनाकर नाबाद हैं।पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद ट्रेस्कोथिक ने कहा, "पहला दिन, हमारे लिए वास्तव में सकारात्मक रहा। पहले दिन के खेल के बाद हम बहुत खुश हैं। हमारे पास एक शानदार मंच है। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को दबाव में लाने के लिए रूट ने एक शानदार पारी खेली।"

उन्होंने कहा, "रूट का अनुशासन और दृष्टिकोण बेहतरीन है, यह टीम के बाकी सभी लोगों के लिए एक वास्तविक उदाहरण है। पिछले हफ्ते शतक बनाना और इसे फिर से दोहराना, यह देखना शानदार है।" इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लिश टीम की शुरूआत खराब रही और मैच के चौथे ओवर में जेडेन सील्स ने चार रनों के कुल स्कोर पर जैक क्रॉली को पवेलियन भेज इंग्लिश टीम को पहला झटका दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज एलेक्स हील्स और रूट के बीच एक संक्षिप्त साझेदारी हुई। हील्स 30 रन बनाकर वीरसामी पेरमौल का शिकार बने। इसके बाद में लॉरेंस क्रीज पर आए और रूट के साथ बड़ी साझेदारी की। दोनों मिलकर इंग्लैंड को 200 रनों के पार ले गए। मेजबान टीम को आखिरकार राहत की सांस तब मिली जब जेसन होल्डर 244 के कुल स्कोर पर लॉरेंस को पवेलियन भेजा। लॉरेंस 91 रन बनाकर आउट हुए।

## बाबर आजम ने की मोहम्मद रिजवान की तारीफ, कहा- उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की

**कराची।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने अपने साथी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की उनके तेजतर्रार पारी के लिए जमकर तारीफ की, जिसकी बदौलत उनकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच को ड्रॉ कराने में सफलता मिली। दूसरा टेस्ट मैच के अंतिम दिन, अंतिम ओवर तक गया, जहां पाकिस्तान मोहम्मद रिजवान के धैर्यभरी पारी के कारण मैच ड्रा कराने में सफल रहा। रिजवान ने अंत तक अपनी टीम के लिए बल्लेबाजी की। मैच के अंतिम दिन का खेल खत्म होने के बाद रिजवान ने कहा, "योजना सत्र-दर-सत्र बल्लेबाजी करने और साझेदारी बनाने की थी। यह एक टीम प्रयास था, क्योंकि अन्य बल्लेबाज शफीक और रिजवान ने भी उपयोगी योगदान दिया। हमने जिम्मेदारी ली और मुख्य ध्यान पूरे समय साझेदारी बनाने पर था।" उन्होंने कहा, "रिजवान ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्होंने अंततः हमारे लिए टेस्ट बचा लिया। हम चाय के ब्रेक के बाद भी बल्लेबाजी करना जारी रखना चाहते थे और हमने सकारात्मक रहने और अपने शॉट्स खेलने की कोशिश की। टीम को इस पारी की जरूरत थी, इसलिए मैंने कोशिश की जब तक हो सके तब तक बल्लेबाजी करो।" बता दें कि बाबर आजम ने 196 रनों की असाधारण पारी खेली।पाकिस्तान कराची में दूसरे टेस्ट के अंतिम दिन 171.4 ओवरों तक बल्लेबाजी करने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक रोमांचक ड्रा कराने में सफल रहा। दोनों टीमें डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में चार-चार अंकों के साथ शीर्ष दो स्थानों पर बनीं हुई हैं।

## एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने बहुप्रतीक्षित एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूनार्मेंट पहले दक्षिण अफ्रीका में ओमाइक्रोन खतरे के कारण 2022 तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। टूनार्मेंट 1 अप्रैल से दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में शुरू होने वाला है। भारतीय टीम की कप्तानी सलीमा टेटे करेंगी, जबकि इशिका चौधरी टीम की उप-कप्तान होंगी। भारत को पूल डी में जर्मनी, मलेशिया और वेल्स के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 2 अप्रैल 2022 को वेल्स जूनियर महिला टीम के खिलाफ करेगी। उसके बाद 3 अप्रैल को भारत का सामना जर्मनी और पांच अप्रैल को आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच में मलेशिया से होगा। क्वार्टर फाइनल 8 अप्रैल, सेमीफाइनल 10 अप्रैल और फाइनल 12 अप्रैल 2022 को खेला जाएगा।

भारत की 20 सदस्यीय टीम इस प्रकार है-


गोलकीपर- बिच्छु देवी खरीबाम और खुशबू।

डिफेंडर्स-मरीना लालरामनघाकी, प्रीति, प्रियंका, इशिका चौधरी और अक्षता अबसो देखाले।

मिडफील्डर-रीत, अजमीना कुजूर, बलजीत कौर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, लालरेम्सियामी।

फॉरवर्ड- लालरिन्दिकी, जीवन किशोरी टोप्पो, मुमताज खान, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका और संगीता कुमारी।

## इंडियंस वेल्स टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंची सिमोना हालेप




**कैलिफोर्निया।** विश्व की 26वें नंबर की टेनिस खिलाड़ी सिमोना हालेप ने इंडियंस वेल्स टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। हालेप ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 24वीं वरीयता प्राप्त क्रोएशिया की पेट्रा मार्टिक पर 6-1, 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व नंबर 1 रोमानिया की हालेप, इंडियन वेल्स में इस साल के पहले सेमीफाइनलिस्ट बनीं। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन हालेप ने पेट्रा मार्टिक को हराने में एक घंटे से भी कम समय लिया और पोलैंड के इगा स्विएटेक के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। इगा स्विएटेक ने अमेरिका की मैडिसन कीज को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। तीसरी वरीयता प्राप्त इगा स्विएटेक ने क्वार्टर फाइनल में 25वीं वरीयता प्राप्त कीज पर 6-1, 6-0 से जीत के साथ डब्ल्यूटीए 1000 स्पधाओं में अपना लगातार नौवां मैच जीता। सिमोना हालेप का सामना शुक्रवार को इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में इगा स्विएटेक से होगा।

## अपनी टीम पर बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं : एड्रियन लुना

**पणजी।** केरला ब्लास्टर्स एफसी के मिडफील्डर एड्रियन लुना को अपनी टीम के प्रदर्शन पर बहुत गर्व है। केरला ने लीग चरण के विजेता जमशेदपुर एफसी को कुल मिलाकर 2-1 से हराया और 2016 के बाद पहली बार इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

# एक संतुलित टीम के साथ रोमांचक आईपीएल सीजन की उम्मीद कर रहे हैं संगकारा




**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक और मुख्य कोच, कुमार संगकारा एक रोमांचक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन की उम्मीद कर रहे हैं। रॉयल्स स्पोर्ट्स ग्रुप के स्वामित्व वाली फ्रैंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के पास आईपीएल में कुछ खराब सीजन रहे हैं, लेकिन अब एक नए रूप और संतुलित टीम के साथ, राजस्थान की टीम ने अगले कुछ महीनों में खुद को बनाने के लिए एक मजबूत आधार दिया है। संगकारा ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "हम जानते हैं कि हमें अपनी टीम की तैयारियों को लेकर ऑफ-सीजन में काफी काम करना था। मुझे लगता है कि हम उन प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करने में कामयाब रहे, जिन पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता थी और जब खिलाड़ियों के चयन की बात आती है तो एक उचित प्रक्रिया होती है। नीलामी में, हम अपने लिए निर्धारित मार्करों को हिट करने में कामयाब रहे। मुझे लगता है कि फ्रेंचाइजी ने इस रोमांचक और मजबूत टीम को एक साथ रखने के लिए एक अद्भुत काम किया है।"

अपनी टीम के बारे में बात करते हुए संगकारा ने कहा,"हमारे पास चहल और अश्विन के रूप में आईपीएल के दो सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं। हमारे पास बोल्ट, प्रसिद्ध, सैनी, कूल्टर- नाइल, मैककॉय जैसे तेज गेंदबाज और सैमसन और बटलर जैसे असाधारण प्रतिभा वाले बल्लेबाज हैं, जो टीम को मजबूती प्रदान करते हैं। इनके अलावा नीशम, मिशेल और वैन डेर डूसन जैसे रोमांचक क्रिकेटर भी हैं। हमने हर विभाग में गहराई हासिल की है।" अपने हमवतन लसिथ मलिंगा और पैडी अप्टन को रॉयल्स के कोचिंग स्टाफ में शामिल करने के बारे में बताते हुए, श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने कहा, "मेरा काम वास्तव में अपने या उन लोगों के माध्यम से फ्रैंचाइजी में मूल्य जोड़ना है जिनकी मैं सिफारिश करूँगा।

## राउंडग्लास पंजाब एफसी जेएसडब्ल्यू यूथ कप 2021-22 के प्रथम संस्करण में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार

**मोहाली।** राउंडग्लास पंजाब एफसी जेएसडब्ल्यू यूथ कप 2021-22 के प्रथम संस्करण में भाग लेने वाली पांच टीमों में शामिल है। जेएसडब्ल्यू यूथ कप का आयोजन 15-28 मार्च, 2022 तक कर्नाटक के बेल्लारी में किया जाएगा। डेम्पो एससी, रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स, सेसा एफए गोवा, बेंगलुरु एफसी, और राउंडग्लास पंजाब एफसी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 5 रेसिडेन्शिअल अकादमियाँ हैं। इस कप के पहले चरण में सभी टीमें एक मौके पर एक दूसरे से भिड़ती नजर आएंगी । और अंत में फिर शीर्ष चार टीमें सेमीफइनल में क्वालीफाई करेंगी। राउंडग्लास पंजाब फुटबॉल अकादमी की अंडर-18 टीम के 20 खिलाड़ी टूनार्मेंट में क्लब का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम का नेतृत्व एड एंगेलकेस करेंगें जो कि राउंडग्लास पंजाब एफसी यूथ प्रोग्राम्स (युवा कार्यक्रम) के टेक्निकल डायरेक्टर (तकनीकी निदेशक) हैं। 17 मार्च, 2022 को रॉउंडग्लास क्लब सेसा एफए गोवा के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। राउंडग्लास पंजाब एफसी के फुटबॉल निदेशक निकोलास टोपोलियाटिस ने कहा, ह्नहम भारत की कुछ सर्वश्रेष्ठ युवा अकादमियों की टीमों के विरुद्ध खेलने के लिए उत्साहित हैं।

# यूक्रेन पर रूसी हमले का 22वां दिन: स्कूल, स्विमिंग पूल, कम्युनिटी सेंटर और थियेटर ध्वस्त



**कीव।** यूक्रेन पर रूस के हमले के 22वें दिन भी ध्वंस थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब रूसी सेनाओं ने हमला कर एक स्कूल, स्विमिंग पूल, कम्युनिटी सेंटर और थियेटर ध्वस्त कर दिया है। इस हमले में बड़े पैमाने पर महिलाओं और बच्चों के मारे जाने की आशंका व्यक्त की गयी है। यूक्रेन के अलग-अलग शहरों पर रूस की बमबारी लगातार जारी है। मारियुपोल में एक ड्रामा थिएटर और स्वीमिंग पूल नेप्ट्यूटन पर हवाई हमबारी की गयी। यूक्रेन के अधिकारियों के मुताबिक इस परिसर में सैकड़ों आम नागरिक शरण लिये हुए थे। इनमें 80 प्रतिशत बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि हवाई हमले से एक शानदार इमारत और कला का केंद्र नष्ट हो गया है। इस परिसर में लड़ाई में अपने घरों के ध्वस्त होने के बाद से सैकड़ों नागरिक रह रहे थे। बड़ी संख्या में लोग इमारत के मलबे में भी दब गए हैं। अभी यह नहीं पता चला है कि कितने लोग हताहत हुए हैं। बचाव कार्य चल रहा है। इसके अलावा एरेफा में रूसी सैन्य बलों ने एक स्कूल और एक कम्युनिटी सेंटर को भी तबाह कर दिया है। खारकीव के इस स्कूल और कम्युनिटी सेंटर में भी बड़ी संख्या में लोगों द्वारा शरण लेने की जानकारी मिली है। इस बीच रूसी सेना ने यूक्रेन के मेलितोपोल के मेयर को रिहा कर दिया है। पिछले कई दिनों से रूसी सेना मेयर को बंधक बनाए हुए थी। मेयर की रिहाई के बदले रूसी सेना ने अपने नौ सैनिकों को यूक्रेन के कब्जे से मुक्त करा लिया है।

# चीन में भूकंप के झटके, भारत-पाकिस्तान तक असर

**बीजिंग।** चीन में गुरुवार सुबह महसूस किये गये भूकंप के तेज झटके का असर भारत और पाकिस्तान तक पहुंचने की बात कही गयी है। चीन के उत्तर पश्चिमी प्रांत गांसू के झांग्ये शहर में गुरुवार सुबह 5.56 बजे भूकंप के झटके महसूस किये गये, जिसकी तीव्रता 5.1 मापी गयी है। भूकंप का केंद्र चीन के जियायुगुआन शहर से 111 किलोमीटर दूर बताया गया है। इन झटकों के बाद सुबह 7.05 बजे जलालाबाद से 54 किलोमीटर दूर एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किये गए। इन झटकों की तीव्रता भी रिक्टर स्केल पर 5.1 मापी गयी। अधिकारियों के मुताबिक इन झटकों का असर चीन के अलावा भारत व पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों तक भी महसूस किया गया। इससे पहले पिछले तीन दिनों से लगातार चीन में कम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये जा रहे थे। इससे पहले बुधवार रात जापान के टोक्यो में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किये गए थे। रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 7.1 मापी गई थी। इन झटकों के बाद फुकुशिमा, मियागी में सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार बुधवार रात लगभग 8:06 बजे जापान के टोक्यो से 297 किमी उत्तर पूर्व में उत्तरी जापान में फुकुशिमा के तट पर 7.1 तीव्रता का भूकंप आया है। टोक्यो इलेक्ट्रिक पॉवर कंपनी के हवाले से बताया गया है कि इसके बाद करीब 20 लाख घरों की बिजली गुल हो गई। तेज भूकंप के झटके के बाद कई तटीय इलाके में सुनामी की भी आशंका जताई है।

# इजराइल में मिला कोविड का नया वैरिएंट, दो लोग संक्रमित

जेरूसलम। इजराइल में कोरोना के नए वैरिएंट से दो लोगों को संक्रमित पाया गया है। इजराइल के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक जांच के दौरान कोविड के नए वैरिएंट के बारे में जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि बेन गुरियन हवाई अड्डे पर आने वाले दो यात्रियों का पीसीआर टेस्ट में ओमिक्रोन वैरिएंट के दो सब-वैरिएंट बीए.1 और बीए.2 की मौजूदगी का पता चला है। इजराइल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि कोविड का यह वैरिएंट अपने आप में अनोखा है। बीए.1 और बीए.2 से संयुक्त तौर पर संक्रमित पाए गए यात्रियों में हल्का बुखार, सिरदर्द और मांसपेशियों के दर्द से पीड़ित हैं। इसके अलावा उनमें अभी तक कोई भी और गंभीर लक्षण सामने नहीं आए हैं। इजराइल के महामारी प्रतिक्रिया प्रमुख सलमान जर्का ने बताया कि संक्रमण के नए मामलों को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि संयुक्त वैरिएंट को लेकर बनने परिस्थितियों से सभी अवगत हैं। हमें अभी इसको लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

**चीन में कोरोना संक्रमण के मामले**

चीन में कोरोना के इस सब-वैरिएंट के बीए.2 वैरिएंट के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। संक्रमण के बढ़ते मामलों पर लगाम लगाने के लिए कई शहरों में लाकडाउन लगाया गया है। यहां पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के पांच हजार से अधिक नए मामले सामने आए हैं। जिसमें ज्यादातर लोग ओमिक्रोन वैरिएंट के सब-वेरिएंट 'स्टील्थ' से पीड़ित पाए गए हैं। विश्व में कोविड की चौथी लहर को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चेतावनी दी है।

# ब्रिटेन की पहल पर ईरान ने जासूसी व तख्तापलट की साजिश रचने में दो लोगों को किया रिहा

**लंदन।** ईरान की जेल में कई वर्ष से जासूसी व तख्तापलट के आरोप में सजा पाए दो लोगों को रिहा कर दिया गया। रिहा किए गए दोनों आरोपितों जगारी-रैटक्लिफ और अनूश अशूरी के पास दोहरी नागरिकता है और उन्हें ब्रिटेन की पहल पर रिहा किया गया है। ब्रिटेन-ईरान की दोहरी नागरिकता रखने वालीं नाजनीन जगारी-रैटक्लिफ करीब छह साल से जेल में बंद थीं। उनके क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वालीं व उनकी रिहाई की आवाज उठाती रहीं ब्रिटेन की सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने बताया कि 'जगारी-रैटक्लिफ तेहरान से अपने घर लौट रही हैं। ईरान मीडिया के अनुसार जगारी-रैटक्लिफ जेल की सजा काटने के बाद तेहरान छोड़ने वाली हैं। इससे पहले, ईरान की समाचार एजेंसी ने बताया था कि ब्रिटेन सरकार की तरफ से 53 करोड़ डालर ईरान को अदा करने के बाद जगारी-रैटक्लिफ को रिहा किया गया है। मध्य पूर्व के देशों का दौरा कर रहे ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जानसन ने पूर्व में पुष्टि की थी कि तेहरान में एक टीम जगारी-रैटक्लिफ की रिहाई को लेकर वार्ता कर रही है।जगारी-रैटक्लिफ को ईरान की सरकार को उखाड़ फेंकने की साजिश रचने का दोषी ठहराया गया था। उन्हें नजरबंद रखा गया था। जगारी-रैटक्लिफ को अप्रैल 2016 में तेहरान के हवाईअड्डे पर हिरासत में ले लिया गया था। तब वह परिवार से मिलने के बाद ब्रिटेन लौट रही थीं। चूंकि, ईरान दोहरी नागरिकता को मान्यता नहीं देता, इसलिए उन्हें काउंसलर तक पहुंच की सुविधा भी नहीं दी गई थी। जानकारी के अनुसार, ब्रिटेन-ईरान की दोहरी नागरिकता रखने वाले अनूश अशूरी को भी जगारी-रैटक्लिफ के साथ रिहा किया गया है। अशूरी को वर्ष 2017 में तेहरान में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद के साथ संबंध रखने के आरोप में 12 साल की सजा सुनाई गई थी।

# रूस-यूक्रेन में समझौता के बने आसार, जेलेंस्की का दावा- हमारी शर्तों पर रूस हो रहा तैयार

**कीव।** यूक्रेन पर रूस के हमले के 20 दिन पूरे होने बाद दोनों देशों के बीच युद्ध विराम के लिए कई दौर की वार्ता विफल होने के बाद बुधवार को सकारात्मक संकेत दिखने को मिले हैं। दोनों पक्षों के बीच किसी समझौते के आसार दिखने लगे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक तरफ वार्ता के अधिक सार्थक होने की बात कही है, वहीं रूसी विदेश मंत्री सेर्गेई लावरोव ने कहा कि यूक्रेन के तटस्थ देश बनने की सहमति के साथ समझौते की उम्मीद बन सकती है। यूक्रेन को नाटो में नहीं शामिल होने की मांग रूस शुरू से कर रहा था। जिसके तहत यूक्रेन नाटो का मोह छोड़कर सीमित सेना के साथ स्वीडन की तरह तटस्थ देश की भूमिका में रहे। यूक्रेन के नाटो में शामिल होने फैसले के चलते बात इतनी बढ़ गई। वार्ता में यूक्रेन से रूस यही सुनना चाहता है कि वह नाटो से बाहर रहेगा।

**समझौते की बढ़ी उम्मीद**

रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने मीडिया से कहा कि कुछ कारणों से दोनों पक्षों के बीच बातचीत आसान नहीं है। लेकिन किसी समझौते पर पहुंचने की उम्मीद बंधी है। सुरक्षा की गारंटी के साथ यूक्रेन के तटस्थ देश की स्थिति पर गंभीरता से चर्चा हुई। कुछ मुद्दों को मूर्त रूप देने का प्रयास हुआ है। मेरे विचार से हम समझौते के करीब पहुंच रहे हैं। उधर, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि दोनों पक्ष यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा कर रहे हैं। यदि वह आस्ट्रिया या स्वीडन की तरह कम सेना के साथ तटस्थ देश का रुख अपनाता है तो बात बन सकती है।

**यूक्रेन का दावा : हमारी शर्तों पर तैयार हो रहा रूस**

यूक्रेनी पक्ष का कहना है कि भारी सैन्य क्षति उठाने के कारण रूस इस संकट का समाधान निकालने के लिए हमारी शर्तों पर तैयार होता दिख रहा है। उम्मीद है कि कुछ हफ्तों में ही यह लड़ाई खत्म हो जाएगी।

# बाल्टिक देशों को सता रहा है रूसी हमले का डर, नाटो पर है भरोसा

**वाशिंगटन।** रूस के पड़ोसी बाल्टिक देश लिथुआनिया, एस्टोनिया और लातीविया को रूसी हमले का डर सता रहा है। इन देशों को अपनी सुरक्षा के लिए नाटो का भरोसा है। इन देशों ने रूस पर अपनी सीमाओं के विस्तार के लिए ओछे हथकंडे अपनाने का आरोप लगाया है। बुधवार को वाशिंगटन में लिथुआनिया के राजदूत ऑड्रा प्लेपयते, एस्टोनिया के राजदूत क्रिस्टिनप्रिक और लातीविया के राजदूत मैरिस सीलेगा ने एक स्वर में आशंका जताई है कि उनके देशों पर रूस के हमले के खतरे को नकारा नहीं जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने नाटो पर भरोसा जताते हुए कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि नाटो उनकी सुरक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि रूस साम्राज्यवादी देश है और वह अपनी सीमाओं के विस्तार के लिए ओछे हथकंडे अपना रहा है। यह बाल्टिक देश कभी सोवियत संघ के प्रभुत्व में थे। सोवियत संघ के विघटन के बाद तीनों सार्वभौमिक संप्रभु देश बने और सन 2004 में इन तीनों देशों ने नाटो की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। अब इनके बीच मधुर सम्बंध है। इन देशों के राजदूतों ने एक मीडिया हाउस से अलग अलग बातचीत में दावा किया कि नाटो के आर्टिकल पांच के तहत यह उल्लिखित है कि एक सदस्य पर किसी बाहरी शक्ति का हमला होता है तो उसे सम्पूर्ण नाटो देशों पर हमला माना जाएगा। इस एक बात को लेकर बाल्टिक देश और जनता सुरक्षित महसूस कर रही है। लिथुआनिया के राजदूत ऑड्रा प्लेपयते, एस्टोनिया के राजदूत क्रिस्टिनप्रिक और लातीविया केराजदूत मैरिस सीलेगा ने जोर देकर कहा कि यूक्रेन को रूस से लड़ने के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रूस एक आक्रांता है और वह जबरन सैन्य शक्ति का इस्तेमाल कर अपने साम्राज्य का विस्तार करना चाहता है।

# अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने रूस को यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई बंद करने का दिया आदेश




**द हेग ।** यूक्रेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने रूस को यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई तत्काल रोकने का आदेश दिया है। बुधवार को यूक्रेन के पक्ष में यह प्रारंभिक निर्णय संयुक्त राष्ट्र की सर्वोच्च अदालत में दो के मुकाबले 13 जजों ने निर्णय दिया। वैसे अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का फैसला बाध्यकारी हैं, लेकिन अदालत के पास अपने आदेश का पालन कराने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। पहले भी ऐसे मामले देखे गए हैं, जब देशों ने आईसीजे के आदेश का उल्लंघन किया है। दरअसल, 24 फरवरी से रूस यूक्रेन पर लगातार हमला कर रहा है। रूस का कहना था कि पूर्वी यूक्रेन में रूसी भाषी लोगों के नरसंहार का खतरा है। इसे देखते हुए उसने विशेष सैन्य अभियान चलाया है। इसके तुरंत बाद यूक्रेन ने अदालत में गुहार लगाई थी। यूक्रेन ने कहा कि रूस के इस दावे का कोई आधार नहीं है। पूर्वी यूक्रेन में नरसंहार का कोई खतरा नहीं है। उसने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र के 1948 जीनोसाइड कंवेंशन (नरसंहार सम्मेलन) पर दोनों देशों ने हस्ताक्षर किया है और इसके तहत ऐसी स्थिति में भी कोई देश नरसंहार रोकने के नाम पर किसी दूसरे देश पर हमला नहीं कर सकता है। जो देश अदालत के आदेशों का पालन करने से इनकार करते हैं, उन्हें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भेजा जा सकता है, जहां रूस के पास वीटो पावर है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने इसे एक बड़ी जीत के रूप में देखा। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि यूक्रेन ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में रूस के खिलाफ अपने मामले में पूरी जीत हासिल की। आईसीजे ने आक्रमण को तुरंत रोकने का आदेश दिया है। आदेश अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत बाध्यकारी है। रूस को तुरंत पालन करना चाहिए। आदेश की अनदेखी करने से रूस और भी अलग हो जाएगा। रूस ने सुनवाई में विसंगति का हवाला देते हुए 7 मार्च को सुनवाई में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि उसने लिखित दस्तावेज में अदालत से कहा था कि वह कोई फैसला न ले। रूस ने इस मामले में जीनोसाइड कंवेंशन के उल्लंघन की दलील को भी नहीं माना था। हालांकि आइसीजे ने कहा कि प्राथमिक फैसले के लिए पर्याप्त प्रमाण हैं। अंतिम निर्णय बाद में लिया जाएगा। पूरी वैधानिकता व अन्य मानकों पर निर्णय होने में लंबा समय लग जाता है।

## संयुक्त राष्ट्र ने चेताया, रूस-यूक्रेन युद्ध से मानव तस्करी का खतरा बढ़ा

**कीव।** यूक्रेन पर रूसी हमले के 21वें दिन संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस युद्ध को लेकर बेहद गंभीर चेतावनी जारी की है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने चेताया है कि रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध से अन्य संकटों के साथ मानव तस्करी का खतरा भी पैदा हो गया है। साथ ही बीते 21 दिनों में यूक्रेन से पलायन करने वालों की संख्या भी तीस लाख पार कर गयी है।

तमाम अंतरराष्ट्रीय कोशिशों के बावजूद रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार जारी युद्ध के प्रति चिंता जाहिर करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ट्वीट कर कहा है कि मानव तस्करों के लिए यूक्रेन में जारी युद्ध एक आपदा नहीं है। वे इसे अवसर मान रहे हैं और बच्चे व महिलाएं उनके निशाने पर हैं। उन्हें हर कदम पर मदद व सुरक्षा की जरूरत है।

संयुक्त राष्ट्र से जुड़ी संस्थाएं यूक्रेन से हो रहे पलायन को लेकर तो चिंतित थी हीं, अब मानव तस्करी का खतरा चिंताजनक स्थितियों में सामने आया है।

# जेलेंस्की ने अमेरिकी कांग्रेस से की यूक्रेन के हवाई क्षेत्र को नो एंट्री जोन घोषित करने की मांग



**वाशिंगटन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों को आज वर्चुअली संबोधित किया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के हवाई आक्रमण से यूक्रेन के निरीह और असहाय लोग प्रतिदिन मारे जा रहे हैं और उन्हें तत्काल मदद के लिए यूक्रेन के हवाई मार्ग को नो फ़्लाई जोन घोषित करने की नितांत आवश्यकता है।

बुधवार को अमेरिका के कांग्रेस को संबोधित करते हुए जेलेंस्की भावुक हो गए। नम आंखों के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से अंग्रेजी के कुछ शब्दों में कहा कि ह्लआप विश्व लीडर हैं और अब आपको विश्व में शान्ति का अग्रदूत बनना है। इससे पूर्व जैसे ही जेलेंस्की ने यूक्रेनी भाषा में अपना उद्बोधन शुरू किया, सदस्यों ने खड़े हो कर उनका अभिवादन किया। जेलेंस्की के उद्बोधन के समय कई सांसदों की आंखें नम हो गईं। कांग्रेस सदस्यों का भावुक हो जाना बाइडेन पर यूक्रेन को लड़ाकू विमान और सैन्य साज सामान देने लिए दबाव बढ़ने का संकेत भी हो सकता है। उल्लेखनीय है कि जो बाइडन 24 मार्च को नाटो शिखर सम्मेलन और यूरोपीय शिखर सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अमेरिकी कांग्रेस को याद दिलाते हुए कहा कि आप याद करें जब 11 सितम्बर 2001 में आपके कुछ शहरों पर हवाई आक्रमण हो रहा था और उसे लेकर चारों ओर भय एवं आतंक का माहौल था। आज यूक्रेन की जनता पिछले तीन सप्ताह से हर रोज रूसी आक्रमण के भय और आतंक के साये में जी रही है। अमेरिका के शांति अग्रदूत मार्टिन लूथर किंग के ह्लअमेरिका महानह्व के स्वप्न का स्मरण कराते हुए यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने भी ऐसा सपना देखा था, लेकिन रूस उनके इस सपने की तरह समग्र यूक्रेनी जनता के सपने को धूल धूसरित करने में लगे हैं।जेलेंस्की ने अमेरिकी सांसदों से आग्रह किया कि वे रूस के ऐसे सभी व्यक्तियों, कम्पनियों और नेताओं पर प्रतिबंध लगा दें ताकि दाने दाने के मोहताज हो जाएं। उनका कहना था कि रूस पर दबाव के लिए यह जरूरी है कि वह एक-एक पैसे के लिए तरस जाए। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सभापति नैन्सी पेलोसी ने बुधवार सुबह 9 बजे दोनों सदनों के सांसदों से यूक्रेनी राष्ट्रपति का परिचय यूक्रेनी शब्द ह्लसलावा यूक्रेनह्व से किया। अमेरिकी मीडिया में यूक्रेन राष्ट्रपति के उद्बोधन को कांग्रेस में विश्व नेताओं के भाषणों की कड़ी में इसे एतिहासिक माना जा रहा है

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

# रूस से मुकाबला करने के लिए यूक्रेन को घातक हथियार देगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के बीच अमेरिका ने यूक्रेन को घातक हथियार देने का ऐलान किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को आश्वस्त किया है कि इन्हें हरसम्भव अतिरिक्त सैन्य सहायता देने के लिए अमेरिका कृत संकल्प है। बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों के सदस्यों को वर्चुअली संबोधन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने व्हाइट हाऊस में ब्रिफिंग की। बाइडेन ने कहा कि वह जेलेंस्की और उनके नौजवानों के शौर्य की सराहना करते हैं।

उन्होंने कहा कि यूक्रेन को अस्सी करोड़ डालर के मूल्य की अतिरिक्त सैन्य सहायता अपने आप में अभूतपूर्व है। अमेरिका अब तक यूक्रेन को एक अरब डॉलर से अधिक की अतिरिक्त मदद करने का ऐलान कर चुका है।

बाद में व्हाइट हाऊस प्रवक्ता ने बताया कि इस सैन्य सहायता में छह सौ लड़ाकू विमान भेदी स्टिंगर मिसाइलें हैं तो 2600 जेवलिन मिसाइलें हैं, जो रूसी टैंकों को भेदने में कारगर सिद्ध हुई हैं। इनके अलावा लड़ाकू हेलीकाप्टर और बड़ी संख्या में मिलिटरी वाहन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन की ओर से नो फ़्लाई जोन की मांग को तो पूरा नहीं कर सकते। इस मांग को पूरी किए जाने का अर्थ यूरोप में रूस से सीधे लड़ाई मोल लेना है। ऐसा करने से यह लड़ाई यहीं नहीं रुकेगी, यह विश्व युद्ध में बदल सकती है।

# मेरिका की फेड रिजर्व बैंक ने ब्याज दर में .25 फीसदी की वृद्धि की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी फेड रिजर्व बैंक ने अपनी बैंक ब्याज दर में .25 फीसदी की वृद्धि की घोषणा कर दी है। अमेरिकी फेड रिजर्व बैंक के गवर्नर जेराम पावेल ने इसका उद्देश्य मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करना बताया है। बुधवार को अमेरिकी फेड रिजर्व बैंक के गवर्नर जेराम पावेल ने कहा कि देश में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए बैंक ने अपनी ब्याज दर .25 बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि कालांतर में .50 तक जा सकती है। इससे बैंकों को अपनी ब्याज दरें पौने दो से दो प्रतिशत तक ले जाने में मदद मिलेगी।

अमेरिकी इतिहास में यह पहला अवसर है कि पिछले चार दशक में मुद्रा स्फीति बढ़ कर 7.9 फीसदी हो गई है। बता दें, कोविड काल में भारी मंदी और मार्केट में बेरोजगारी से बैंकों को राहत दिए जाने के लिए ब्याज दरें करीब शून्य तक पहुंच गई थीं।

आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो इस बढ़ी ब्याज दर से मूलतः निर्धन और माध्यम आय वर्ग को अधिक लाभ होगा। क्रेडिट कार्ड आदि की ब्याज दरें बढ़ने से लोग निरर्थक खरीदारी से बचेंगे, निर्धन और सामान्य उपभोक्ता क्रेडिट कार्ड से ग्रोसरी और आवश्यक वस्तुएं लेने से परहेज करेंगे और बैंकों में बचत राशि में वृद्धि कर सकेंगे।